भोपाल, ग्वालियर, झांसी एवं शिवपुरी से एक साथ प्रकाशित
राष्ट्रवादी विचार धारा

RNI.UPHIN/2021/84495

जय खेड़ापति सरकार

# दैनिक नवनीत एक्सप्रेस

न डरते है न डराते है, सच उजागर करते हैं

वर्ष - 06 अंक-146 संपादक - उत्तम कुमार दुबे | झांसी,शुक्रवार 27 जून 2025 | Email ID navneetexpress33@gmail.c | पृष्ठ - 08 मूल्य - 02 रू.

## न्यूज बीफ्र

### आप विधायक का सभी पदों से इस्तीफा

अहमदाबाद। गुजरात में बोटाद सीट से आम आदमी पार्टी विधायक उमेश मकवाना ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मकवाना ने कहा- मैंने 20 साल तक भाजपा में अलग-अलग पदों पर काम किया। उस समय जब गुजरात में आप को कोई पहचानता भी नहीं था, तब मैंने सत्तारूढ़ भाजपा पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी जॉइन की थी।
अब मुझे लगता है कि आप पार्टी अंबेडकर के सिद्धांतों से भटक रही है। यही कारण है कि मैंने आम आदमी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मैं पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर काम करना जारी रखूंगा। मैं बोटाद के लोगों के बीच जाऊंगा। फिर उनकी राय लूंगा। 3 दिन पहले गुजरात की विसावदर सीट पर हुए उपचुनाव में आप कैंडिडेट गोपाल इटालिया 17554 वोटों से जीते थे।

### त्योहार के दौरान गोलीबारी, 12 की मौत

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के गुआनाजुआतो राज्य के इरापुआतो शहर में रात भीषण गोलीबारी हुई। इस हमले में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं। उस वक्त लोग इरापुआतो में सेंट जॉन द बैप्टिस्ट त्योहार के मौके पर सडक़ पर नाच-गाना और जश्न मना रहे थे। यह जानकारी स्थानीय प्रशासन ने देते हुए कहा कि मरने वालों में से 11 की पहचान हो चुकी है। इनमें 8 पुरुष, 2 महिलाएं और एक 17 वर्षीय नाबालिग शामिल है। सोशल मीडिया पर हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें लोगों के जश्न मनाने के दौरान गोलीबारी की आवाज सुनी गई।

### वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही: आरबीआई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक आर्थिक बुलेटिन के मुताबिक मई 2025 के लिए वैश्विक अनिश्चितता के बीच अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि की ओर इशारा करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि ने 2024-25 में प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक आधार पर वृद्धि हुई। घरेलू कीमतों की स्थिति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे है।
रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय स्थितियां ऋण बाजार में दरों में कटौती के ट्रांसमिशन की सुविधा के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर स्थिति में है, जो व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों में वृद्धि के दोहरे झटकों से जूझ रही है। घरेलू मोर्चे पर मई में जारी अनंतिम अनुमानों ने 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने की पुष्टि की है, जिसमें चौथी तिमाही में महत्वपूर्ण क्रमिक वृद्धि होगी।

### रिपोर्ट: भारत का ऑनलाइन कॉमर्स सेक्टर 2030 में 300 बिलियन डॉलर पर पहुंचेगा

बेंगलुरु। भारत का ऑनलाइन कॉमर्स सेक्टर 2030 में 300 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो देश में एक ट्रिलियन डॉलर के डिजिटल अवसर में अहम योगदान देगा। यह जानकारी ताजा रिपोर्ट में सामने आई। रिपोर्ट में कहा कि आबादी के एक महत्वपूर्ण और बढ़ते हिस्से के लिए भारतीय खुदरा परिदृश्य के भीतर एक प्रमुख शक्ति के रूप में खुद को मजबूती से स्थापित कर चुका है। भारत 1 ट्रिलियन डॉलर का डिजिटल अवसर प्रस्तुत करता है। पिछले दशक में कई उपभोक्ता बाजारों, प्लेटफॉर्म और न्यू-एज ब्रांडों का उदय उभरते भारत की बढ़ती आकांक्षाओं का प्रमाण है। इंटरनेट की पहुंच, जनसांख्यिकी में बदलाव और नीतिगत बदलावों का एक साथ आना उन रुझानों में से हैं, जिन्होंने नए युग की उपभोक्ता कंपनियों को आगे बढ़ाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे चलकर यह कॉमर्स मार्केटप्लेस, कंटेंट प्लेटफॉर्म और बदलती उपभोक्ता आकांक्षाओं का विकास है, जो नई कंपनियों को भारतीय संदर्भ में जीतने में मदद करता है। भारत के उभरते ऑनलाइन कॉमर्स सेक्टर ने हाल के वर्षों में असाधारण विस्तार देखा है। इसके अलावा, क्विक कॉमर्स के हालिया उदय ने ऑनलाइन रिटेल इकोसिस्टम में एक नया आयाम पेश किया है, जिससे उपभोक्ताओं के सामान तक पहुंचने के तरीके में और क्रांति आई है।



आज प्रयाग आगमन पर अपने नेताए अभिभावकए मार्गदर्शक उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आदरणीय श्री केशव प्रसाद मौर्य जी से स्नेहिल मुलाकात किया। मा0 जी से प्रयागराज के विकास के सन्दर्भ में चर्चा हुई। आपकी नेतृत्व क्षमताए सहजताए आत्मीयता एवं स्नेह बहुत प्रेरणादायक होती है।

### देश के प्रमुख सात शहरों में अप्रैल-जून में आवास की कीमतें 11 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली। देश के सात महानगरों में अप्रैल-जून तिमाही में आवास की कीमते सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़ गई हैं जिससे बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। एक रियल एस्टेट सलाहकार ने भारत के सात प्रमुख आवासीय बाजारों के आंकड़े गुरुवार को जारी किए।

---

इजरायल से जंग खत्म होने के बाद सुप्रीम लीडर खामेनेई का पहला बयान

# अमेरिका के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा...

## अमेरिका ने इजरायल को बचाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ

नई दिल्ली।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने गुरुवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से बयान देते हुए दावा किया कि उनकी देश ने इजरायल पर जीत दर्ज की है और अमेरिका को भी करारा जवाब दिया है। उन्होंने असल में ऐसा कहा कि ईरान ने अमेरिका के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा है। खामेनेई ने यह टिप्पणी युद्धविराम की घोषणा के बाद की, जो अमेरिका की मध्यस्थता से मंगलवार को लागू हुआ था। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर टेलिकास्ट की गई एक वीडियो संदेश में खामेनेई ने कहा कि इस्लामी गणराज्य विजयी रहा और बदले में अमेरिका के चेहरे पर तमाचा मारा। उनका यह बयान उन खबरों के बाद आया जिसमें कहा गया था कि ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर मिसाइल हमला किया था। हालांकि, इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं आई।

### अमेरिका को कोई लाभ नहीं हुआ



खामेनेई ने अपने संबोधन में अमेरिका पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने केवल इसलिए हस्तक्षेप किया क्योंकि उसे लगा कि अगर उसने हस्तक्षेप नहीं किया, तो जायोनिस्ट शासन (इजरायल) पूरी तरह तबाह हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को इस युद्ध से कोई लाभ नहीं हुआ। सुप्रीम लीडर खामेनेई 13 जून को युद्ध शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखे गए थे। युद्ध की शुरुआत इजरायल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों और शीर्ष सैन्य वैज्ञानिकों और अधिकारियों पर हमले के साथ हुई थी। उसके बाद से बताया जाता है कि खामेनेई एक गुप्त स्थान पर थे। 19 जून को उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी किया था, लेकिन वह उनके बंकर से ही रिकॉर्ड किया गया था। अब गुरुवार को उन्होंने एक और वीडियो संदेश जारी किया, जिसकी पहले से घोषणा ईरानी सरकारी चैनल और उनके सोशल मीडिया पेजों पर की गई थी। इस वीडियो में उन्होंने इजरायल पर जीत के लिए अपने नागरिकों को बधाई दी और कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है जिसमें इस्लामी गणराज्य ने अपने दुश्मनों को साफ संदेश दिया है।

### ट्रम्प बोले- ईरान ने जंग में बहादुरी दिखाई

दूसरी तरफ, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नीदरलैंड में नाटो समिट के दौरान कहा कि ईरान ने जंग में बहादुरी दिखाई। ईरान को जंग के बाद नुकसान से उबरने के लिए ऑयल बेचने की जरूरत है। अगर चीन, ईरान से ऑयल खरीदना चाहते हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। इससे पहले मंगलवार को समिट के लिए जाते वक्त भी ट्रम्प ने कहा था कि चीन अब ईरान से ऑयल खरीद सकता है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि चीन अमेरिका से भी ऑयल खरीदेगा। हालांकि व्हाइट हाउस अधिकारी ने साफ किया था कि यह ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में राहत का ऐलान नहीं था।

## ब्राजील में पीएम मोदी के सम्मान से चीनी राष्ट्रपति नाराज

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले ब्रिक्स समिट में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने राष्ट्रपति के बिजी शेड्यूल का हवाला देते हुए मेजबान ब्राजील को इसकी जानकारी दी है। ब्राजील में 17वां ब्रिक्स समिट 6-7 जुलाई को होने वाला है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा को स्टेट डिनर पर बुलाया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीनी राष्ट्रपति इससे नाराज हैं। अनुमान है कि मोदी के जाने पर चीनी राष्ट्रपति को कम तवज्जो मिल सकती थी, इसलिए उन्होंने समिट से दूरी बना ली।गौरतलब है कि ब्रिक्स (ब्रिक्स) पांच प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का एक

## चीन में शंघाई सहयोग संगठन समिट के दौरान भडक़े राजनाथ सिंह

बीजिंग।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चीन के किंगदाओ में हैं, जहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक आयोजित हो रही है। भारत ने बड़ा कूटनीतिक कदम उठाते हुए स्ष्ह्व समिट के साझा घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। दरअसल, समिट के दौरान राजनाथ सिंह ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया था और बताया कि किस तरह पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देता है। इसके बाद मेजबान चीन की ओर से साझा घोषणा-पत्र तैयार हुआ, लेकिन इसमें आतंकवाद और पाकिस्तान का जिक्र नहीं था। पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र नहीं होने से भी राजनाथ सिंह भडक़ गए। यही कारण है कि उन्होंने घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। यही नहीं, राजनाथ सिंह अन्य सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों से मिले, लेकिन पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से मुलाकात नहीं की। सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने शंघाई सहयोग संगठन में संयुक्त घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।

## सीएम ने कहा- त्योहारों में भड़काऊ नारे, हथियार प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं; कावंड़ यात्रा में नहीं बिकेगा मांस

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि त्योहारों के दौरान कोई शरारत न पनपने पाए। कांवड़ यात्रा, मोहर्रम और रथयात्रा क दौरान भड़काऊ नारे, हथियारों का प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने प्रदेश में जातीय संघर्ष फैलाने की साजिश के बारे में आगाह करते हुए कहा कि अराजक लोगों को बेनकाब किया जाए। कौशांबी, इटावा, औरैया की घटनाएं ऐसी साजिश का परिणाम हैं, जिस पर कार्रवाई के लिए शासन से आदेश की प्रतीक्षा न करें। दोषियों की पहचान सार्वजनिक कर सख्ती से कानूनी कार्रवाई करें।मुख्यमंत्री बुधवार को अपने सरकारी आवास से आगामी त्योहारों की तैयारी और कानून-व्यवस्था की स्थिति की शासन और फील्ड में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डीजे, ताजिया और रथ की ऊंचाई तय सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। डीजे,



ढोल-ताशे की ध्वनि की सीमा भी तय होगी। शोभायात्रा, जुलूसों के लिए पेड़ काटना या गरीबों का आश्रय हटाना स्वीकार नहीं है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर खुले में मांस बिक्री नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खाद्य सामग्री की दरों को तय करते हुए ओवररेटिंग रोकने और बीते वर्ष की तरह इस बार भी हर दुकान पर संचालक का नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी डीएम को दी। उन्होंने खासकर सोमवार को शिवालयों में भीड़ प्रबंधन, सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। श्रद्धालुओं की भीड़ में अराजक तत्वों, वेष बदलकर घुसपैठ करने वालों की विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया मोहर्रम जुलूसों में सुरक्षा और संवाद प्राथमिकता देने और विगत घटनाओं से सबक लेने को कहा। श्रावण मास पर हो मंदिरों की सफाईसीएम ने कहा कि 11 जुलाई से 9 अगस्त तक पवित्र श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन पर्व मनाए जाएंगे। वहीं 27 जून से 8 जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा तथा 27 जून से 7 जुलाई तक मोहर्रम है। यह समय कानून-व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है। कांवड़ यात्रा आस्था, अनुशासन और उल्लास का प्रतीक है।

बारिश, बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से बिगड़े हालात...

## संकट की घड़ी आई...नदिया उफनाई

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ

मानसून देश के ज्यादातर हिस्सों को कवर कर चुका है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात में बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात हैं। अहमदाबाद में बारिश के पानी के बहाव में आकर एक बाइक सवार ड्रेनेज लाइन में फंस गया। 9 घंटे बाद उसका शव बरामद किया गया। सूरत का गीतानगर इलाका 3 से 4 फीट पानी में डूबा हुआ है। यहां तबीयत बिगडऩे के बाद एक गर्भवती महिला को फायर ब्रिगेड टीम ने रेस्क्यू किया और अस्पताल पहुंचाया। वहीं वडोदरा में भारी बारिश के चलते अहमदाबाद-मुंबई हाईवे पर 15 किमी लंबा जाम लग गया। उधर हिमाचल प्रदेश में कुल्लू के होरनगढ़ गांव में बादल फटने के एक दिन बाद राहत कार्य जारी है। यहां कई गाडिय़ां मलबे में दब गईं।



गुजरात के अहमदाबाद में पिछले 12 घंटे से तेज बारिश हो रही है। इससे अहमदाबाद शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। पूर्वी क्षेत्र के मणिनगर, वटवा, सिटीएम, हाटकेश्वर, निकोल ओधव और विराट नगर समेत कई इलाकों में पानी भर गया है। बारिश के पानी के बहाव में एक बाइक सवार ड्रेनेज लाइन में फंस गया। दमकल विभाग ने 9 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ड्रेनेज लाइन से 200 फीट दूर उसका शव बरामद किया।

540 करोड़ का ड्रग-मनी लॉन्ड्रिंग मामला

## सात दिन के रिमांड पर बिक्रम मजीठिया

चंडीगढ़।

पंजाब विजिलेंस ने 540 करोड़ के ड्रग व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को अमृतसर से गिरफ्तार किया था। मजीठिया को गुरुवार को मोहाली कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने मजीठियो को सात दिन के रिमांड पर भेजा है। गौरतलब है कि बुधवार को मजीठिया की पत्नी विधायक गनीव कौर के चंडीगढ़ स्थिति आवास पर भी विजिलेंस की टीम ने दबिश दी। शिरोमणि अकाली दल ने इस कार्रवाई



का विरोध किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि सरकार ने बदले की राजनीति के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार विजिलेंस की टीम ने मजीठिया के आवास पर सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े बारह बजे तक सर्च अभियान चलाया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण सबूत इकट्ठे किए। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद विजिलेंस के एआईजी स्वर्णदीप सिंह की अगुआई में टीम मजीठिया को मोहाली लेकर पहुंची। जांच टीम ने बताया कि मजीठिया के स्टाफ और मजीठा हलके से विधायक उनकी पत्नी गनीव कौर ने पुलिस को किसी तरह का सहयोग नहीं दिया। मजीठिया के खिलाफ मोहाली विजिलेंस थाने में आमदनी से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। विजिलेंस ब्यूरो के

## अब बाइक चालकों को भी देना पड़ेगा टोल टैक्स!

**नई दिल्ली।** अब राष्टीय राजमार्ग के टोल पर अब दोपहिया वाहनों को भी टैक्स का भुगतान करना होगा। ये नियम 15 जुलाई से लागू होगा। दरअसल, आप जब भी दोपहिया वाहन खरीदते हैं तो उसी दौरान टोल टैक्स को वसूल लिया जाता है। ऐसे में जब भी वे नेशनल हाइवे पर टोल प्लाजा से गुजरते हैं तो टोल नहीं देना पड़ता।

## उधमपुर में एनकाउंटर, 1 आतंकी मारा गया

### 4 आतंकियों का ग्रुप पिछले साल से इलाके में छिपा, दोनों तरफ से फायरिंग जारी

उधमपुर।

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह से जारी एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया है। इलाके में तीन और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सेना और पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है।
आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन ने बताया कि बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में पिछले एक साल से 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे इनकी जानकारी मिलने के बाद



सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान आतंकियों ने सिक्योरिटी फोर्सेज के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है। सोर्स के अनुसार, इलाके में 3 और आतंकी हैं। दोनों तरफ से फायरिंग जारी है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लगाए गंभीर आरोप, बोले...

## मेरी सरकार गिराने की रची गई थी साजिश

### शाह-शेखावत-प्रधान ने हमारी पार्टी में पैसे बांटे थे, मेरे पास इसके सबूत हैं, मेरी सरकार गिराने की साजिश रची थी

जोधपुर।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार में अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह शेखावत ने मिलकर राजस्थान सरकार को गिराने का षड्यंत्र किया था, जिसे विफल कर दिया गया। हिंदुस्तान में एकमात्र हमारी सरकार थी, जिसे नहीं गिरा पाए। गहलोत ने गुरुवार को जोधपुर में मीडिया से ये बात कही। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बताया कि मध्यप्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र में सरकारें बदल दीं, लेकिन राजस्थान में नाकाम रहे। इन लोगों ने हमारी पार्टी के



अंदर पैसे बांटे। इसके प्रूफ मेरे पास हैं। जिस प्रकार के हालात उन्होंने बनाए, क्या वह संविधान के अनुरूप है? आज यही लोग संविधान दिवस मना रहे हैं।
हॉर्स ट्रेडिंग का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा- महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्यप्रदेश में विधायकों को खरीदने के लिए कितना पैसा बांटा होगा, आप कल्पना नहीं कर सकते। कोई 25 करोड़ कह रहा है, कोई 35 करोड़ और कोई 50 करोड़ की बात कर रहा है। महाराष्ट्र के मामले में तो कोई सोच भी नहीं सकता। देश कहां जा रहा है? ऐसे लोकतंत्र कैसे बचेगा?

### सरकारें गिरा रहे हैं, डेमोक्रेसी कैसे बचेगी

गहलोत ने कहा हर नागरिक का कर्तव्य है, हमारे बोलने से काम नहीं चलेगा। खाली हिंदू-हिंदू की बात करके राजनीति करोगे तो देश बर्बाद हो जाएगा। गहलोत ने कहा कि इमरजेंसी लगाई, कुछ गलतियां हुई माफी मांग ली कांग्रेस ने। सजा मिल गई हम लोगों को, हमारी पार्टी सरकार नहीं बना पाई, हार गई, इंदिरा गांधी खुद चुनाव हार गई, दो साल में उनकी आंधी चली, वापस कुछ तो कारण होगा। मैं खुद भी हार गया था 1977 में चुनाव। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि ठीक है, आंधी चलना दो साल के अंदर इतनी भयंकर कि भारी बहुमत से हम जीत कर वापस आए, मैं भी एमपी बना उसके बाद में, पचास साल हो गए

## सेंसेक्स 1000 अंक चढक़र 83,755 पर बंद

मुंबई।

हफ्ते के चौथे कारोबार दिन गुरुवार, 26 जून को सेंसेक्स 1000 अंक चढक़र 83,755 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 304 अंक की तेजी रही, 25,549 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट रही। आज मेटल, फाइनेंशियल और एनर्जी शेयर में रही बढ़त रही। वहीं ऑटो और आईटी शेयर्स पर दबाव देखने को मिला।
एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.65 प्रतिशत ऊपर 39,584 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.92 प्रतिशत गिरकर 3,079 पर बंद हुआ।

# ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू, स्लीपर कोच में बैठकर शिवपुरी पहुंचे सिंधिया

## बोले- जो मजा स्लीपर कोच में है वो एसी में कहां

नगर संवाददाता



शिवपुरी। ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए सीधी ट्रेन सेवा की शुरुआत हो गई है। गुरुवार दोपहर 4-40 बजे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर रेलवे स्टेशन से ट्रेन नंबर 11085/86 ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअली शामिल हुए। उद्घाटन के दिन विशेष ट्रेन नंबर 01086 ग्वालियर से रवाना हुई, जो 28 जून की सुबह 8-35 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। ट्रेन शुरू होने से शिवपुरी, गुना, अशोकनगर जैसे अंचल के हजारों यात्रियों को सीधा बेंगलुरु तक ट्रेन सुविधा मिलेगी। ट्रेन के रवाना होने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी इसी ट्रेन से सफर पर निकले। इस दौरान उन्होंने समर्थकों से कहा कि जो मजा यहां है वो एसी कोच में नहीं। यह ट्रेन ग्वालियर से चलकर शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, बीना, विदिशा, भोपाल, नागपुर, काचीगुड़ा, धोन, धर्मावरम होते हुए बेंगलुरु पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 22 कोच हैं, जिनमें स्लीपर, एसी जनरल और इकोनॉमी क्लास शामिल हैं। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी। नियमित सेवा 4 जुलाई से ग्वालियर और 29 जून से बेंगलुरु से शुरू होगी। ट्रेन लगभग 40 घंटे में गंतव्य तक पहुंचेगी।

### सिंधिया ने ही की थी ट्रेन की मांग

इस ट्रेन की मांग खुद केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने की थी। उन्होंने 2024 और 2025 में रेल मंत्री को पत्र लिखकर गुना लोकसभा क्षेत्र से बेंगलुरु के लिए सीधी ट्रेन की आवश्यकता जताई थी। उन्होंने बताया था कि इस क्षेत्र के हजारों छात्र और नौकरीपेशा लोग बेंगलुरु जाते हैं और पहले बीना, भोपाल या ग्वालियर जाकर ट्रेन पकडऩी पड़ती है, जिससे 8-10 घंटे का अतिरिक्त समय लगता है।

# खुले में बिक रहा अंडा, मांस-मछली, नगर प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

नगर संवाददाता



कोलारस। नगर के जगतपुर चौराहे के पास खुले में अंडा, मांस और मछली का विक्रय निरंतर किया जा रहा है, जबकि नियमों के अनुसार इन्हें ढककर बेचना अनिवार्य है। नगर में अधिकांश मांस विक्रेता इस नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा कई विक्रेताओं ने सड़कों पर काउंटर लगाकर विक्रय करना शुरू कर दिया है, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है।नगरवासियों का कहना है कि खुले में मांस विक्रय से धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में कई मंदिर स्थित हैं और यहां से महिलाओं एवं बच्चों का आना-जाना भी बना रहता है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि खुले में मांस बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है

-आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। मांस विक्रेताओं को शीघ्र ही हटवा दिया जाएगा।

**रवि चौहान, थाना प्रभारी, कोलारस**

मेरे द्वारा बीते रोज खुले में मांस बेच रहे विक्रेताओं को निर्देशित किया गया था कि वे ऐसा न करें। यदि अब भी इस प्रकार की बिक्री हो रही है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**रमेश भार्गव,**
**सीएमओ, नगर परिषद कोलारस**

# शिवपुरी के सपनों को मिला सिंधिया राजघराने का आशीर्वाद, युवाओं की टीम शिवपुरी टाइगर्स को मिली नई उम्मीद

नगर संवाददाता

शिवपुरी। शिवपुरी जिले के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद की किरण सामने आई है। शहर के उभरते हुए युवा नेता एवं पूर्व राज्य मंत्री सुरेश राठखेड़ा के सुपुत्र जीतू राठखेड़ा ने हाल ही में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सुपुत्र श्रीमंत महाआर्यमन सिंधिया से भेंट कर उन्हें शिवपुरी की ओर से मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीपीएल) में एक टीम शामिल करने का प्रस्ताव सौंपा। इस भावुक भेंट के दौरान युवराज महाआर्यमन सिंधिया ने पूर्ण आत्मीयता के साथ प्रस्ताव को सराहा और आगामी समय में इसे स्वीकृति देने का आश्वासन भी दिया। जीतू राठखेड़ा ने बताया कि यह ऐतिहासिक मुलाकात ग्वालियर में आयोजित मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग के फाइनल मैच के अवसर पर हुई, जहाँ उन्हें महाआर्यमन सिंधिया से सीधे आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने यह भी कहा कि यह क्षण न केवल उनके लिए, बल्कि समस्त शिवपुरी जिले के युवाओं के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर शिवपुरी के युवा क्रिकेट प्रेमियों की भावनाएं महाआर्यमन के समक्ष रखी गई और 'शिवपुरी टाइगर्स' के नाम से टीम उतारने की अपील की गई। महाआर्यमन सिंधिया ने इस निवेदन को सहजता और स्नेह के साथ स्वीकार करते हुए सभी युवाओं का मनोबल बढ़ाया। भविष्य की उम्मीद लिए जीतू राठखेड़ा ने समस्त शिवपुरी नगरवासियों की ओर से महाआर्यमन सिंधिया का आभार प्रकट किया और कहा कि यदि यह सपना साकार होता है, तो यह शिवपुरी की खेल संस्कृति में एक नया अध्याय जोड़ देगा। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि शिवपुरी टाइगर्स, न केवल जिले का प्रतिनिधित्व करेगी, बल्कि युवाओं को खेल के माध्यम से नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान करेगी।



# सीईओ के निरीक्षण के दौरान विद्यालय एवं मध्यान्ह भोजन मिला बंद

## अनुपस्थित रोजगार सहायक एवं शिक्षकों को जारी किए नोटिस

नगर संवाददाता

शिवपुरी/पिछोर- परियोजना अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिछोर एन.एस.नरवरिया द्वारा बुधवार को पिछोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में ई केवाईसी, तथा अन्य योजनाओं से सम्बंधित चल रहे विकास कार्यों तथा विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया।

जानकारी के अनुसार सीईओ नरवरिया नें अपनें भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत नावली, बक्सनपुर आदि ग्रामों में ग्रामवासियों द्वारा कराई जा रही समग्र ई केवाईसी का मौके पर निरीक्षण किया तथा इस सम्बन्ध में ग्रामीण वासियों को इस कार्य को गंभीरता से पूर्ण करनें को कहा एवं उन्होंने कहा यदि आप लोगों की ई केवाईसी समग्र आईडी से लिंक नहीं है तो आप लोग शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं ले सकते हो। सभी ग्रामीणजन अपनी-अपनी ई केवाईसी अवश्य कराएँ, इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत नावली, बक्शनपुर ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया, जहाँ नावली में पदस्थ रोजगार सहायक अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा इसके साथ ही उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय नावली को देखा जहां माध्यमिक विद्यालय बंद पाया गया तथा प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, किंतु छात्र उपस्थिति पंजी पर 16 जून से 25 जून तक छात्रों की उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई। वही प्राथमिक विद्यालय करियाठेका भी बंद मिला, इसके साथ विद्यालयों में बच्चों को दिया जाने वाला मध्यान भोजन भी वितरण नहीं किया जा रहा है।



# वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत बैराड़ पुलिस ने स्थाई वारंटी को दबोचा

नगर संवाददाता

शिवपुरी। थाना बैराड़ पुलिस द्वारा फरार/स्थाई वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए स्थाई वारंटी मीन कुमार बेड़िया को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी पोहरी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में 26 जून 2025 को यह कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी बैराड़ निरीक्षक रविशंकर कौशल को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मीन कुमार बेड़िया (पुत्र असगर बेड़िया, उम्र 30 वर्ष, निवासी बेड़िया मोहल्ला, बैराड़, जिला शिवपुरी) को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक रविशंकर कौशल, सहायक उप निरीक्षक तेजसिंह गौड, हरिओम पाण्डे, प्रधान आरक्षक हरिओम बर्गे, आरक्षक चेतन राठौर और सुनील कुमार की विशेष भूमिका रही।




# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर एसएमएसएस ने चलाया जागरूकता अभियान

नगर संवाददाता

शिवपुरी-शक्तिशाली महिला संगठन समिति द्वारा 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर एक सशक्त विचार-विमर्श एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दिवस का उद्देश्य समाज में नशीले पदार्थो के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जन-चेतना को सशक्त करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ट्रेनर रवि गोयल ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नशा समाज को भीतर से खोखला कर देता है। यह सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, पूरे परिवार और समुदाय की समस्या है। हमें मिलकर इसे जड़ से खत्म करना होगा। इस मौके पर संगठन के कई स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से करन, धर्म, केशव, माधव, नितिन, ललित झा, नितेश ओझा,साहब सिंह, लखन लाल, बबीता कुर्मी, मुकेश नर्मदा, कमलेश और अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।दिलाई नश्शा मुक्ति शपथ, किया जागरूकअंतर्राष्ट्रीय नशा दिवस के अवसर पर संस्था के द्वारा उपस्थितजनों को नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई, पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से संदेश संप्रेषण, स्थानीय नागरिकों से संवाद, सरकारी प्रयासों पर प्रस्तुति एवं अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पृष्ठभूमि और 2025 की थीम पर हर वर्ष 26 जून को संयुक्त राष्ट्र द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1987 में यू एन जी यू के प्रस्ताव से हुई थी। वर्ष 2025 की थीम है, बाधाओं को तोडऩा सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति इसका उद्देश्य है हर वर्ग तक इलाज और पुनर्वास की पहुंच सुनिश्चित करना। संस्था के रवि गोयल ने बताया कि सरकार द्वाराअब तक 10 करोड़ से अधिक लोग जागरूक किए गए हैं, 12 लाख किलोग्राम से अधिक ड्रग्स नष्ट की गई हैं, इसके साथ ही नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य, और पुनर्वास आधारित पुनर्निर्माण संस्था के प्रमुख कार्यक्षेत्रों में शामिल हैं। नशे के खिलाफ जागरूकता ही असली रोकथाम है, इस विचार को आगे बढ़ाते हुए संस्था द्वारा यह कार्यक्रम एक सार्थक पहल साबित होगा। प्रोग्राम में 15 से अधिक वॉलंटियर को मास्टर ट्रेनर तैयार किया।



# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर एसएमएसएस ने चलाया जागरूकता अभियान, नशे के खिलाफ 15 मास्टर ट्रेनर तैयार

नगर संवाददाता

शिवपुरी। अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर शक्तिशाली महिला संगठन समिति (एसएमएसएस) द्वारा संस्था कार्यालय, बानगंगा मंदिर के पास एक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जन चेतना को सशक्त करना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ट्रेनर रवि गोयल ने की। अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा, नशा समाज को भीतर से खोखला कर देता है। यह सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, पूरे परिवार और समुदाय की समस्या है। हमें मिलकर इसे जड़ से खत्म करना होगा। इस अवसर पर संगठन के अनेक सक्रिय स्वयंसेवकों-जिनमें करन, धर्म, केशव, माधव, नितिन, ललित झा, नितेश ओझा, साहब सिंह, लखन लाल, बबीता कुर्मी, मुकेश नर्मदा, कमलेश सहित अन्य शामिल थे-ने भाग लिया।



# पीके यूनिवर्सिटी का फर्जीवाड़ा: पूर्व रजिस्ट्रार चेतन नेमाड़े को यूनिवर्सिटी छोड़ने के बाद मिला 3.5 करोड़ का इनकम टैक्स नोटिस

## डायरेक्टर जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी में हो रहा है भ्रष्टाचार

नगर संवाददाता



करैरा। शिवपुरी जिले में स्थित पीके यूनिवर्सिटी एक बार फिर विवादों के घेरे में है। विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार चेतन नेमाड़े ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है कि उनके पैन कार्ड का बिना अनुमति दुरुपयोग किया गया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें यूनिवर्सिटी छोड़ने के बाद इनकम टैक्स विभाग से ?3.5 करोड़ की रिकवरी का नोटिस मिला। नेमाड़े ने दावा किया कि यह दुरुपयोग विश्वविद्यालय द्वारा अवैध नकद लेनदेन को छिपाने के लिए किया गया। इस खुलासे ने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं, और नेमाड़े ने इस मामले की सीबीआई जाँच की माँग की है ताकि इस भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो सके। चेतन नेमाड़े ने बताया कि उन्होंने पीके यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार के रूप में कार्य किया, लेकिन यूनिवर्सिटी छोड़ने के बाद उन्हें इनकम टैक्स विभाग से ?3.5 करोड़ की रिकवरी का नोटिस प्राप्त हुआ। उनके अनुसार, विश्वविद्यालय ने उनके पैन कार्ड का बिना अनुमति उपयोग करके अवैध लेनदेन किए, जिसके बारे में उन्हें तब तक कोई जानकारी नहीं थी जब तक नोटिस उनके पास नहीं पहुँचा। नेमाड़े ने आरोप लगाया कि यह विश्वविद्यालय की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है, जिसमें कर्मचारियों के पैन कार्ड का दुरुपयोग कर वित्तीय अनियमितताएँ छिपाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रथाएँ न केवल कर्मचारियों के साथ अन्याय करती हैं, बल्कि शिक्षा संस्थान की विश्वसनीयता को भी धूमिल करती हैं।

### विश्वविद्यालय प्रशासन पर भी लगाये गंभीर आरोप

नेमाड़े ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर भ्रष्टाचार और गैर-कानूनी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने विश्वविद्यालय के फर्जीवाड़े का विरोध किया, तो उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बावजूद, उनके पैन कार्ड का दुरुपयोग जारी रहा, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें भारी वित्तीय दंड का सामना करना पड़ रहा है। नेमाड़े ने दावा किया कि विश्वविद्यालय में इस तरह की अनियमितताएँ आम हैं, और कई अन्य कर्मचारी भी इस तरह के दुरुपयोग का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने जितेंद्र मिश्रा को इस फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड बताया, जो कथित तौर पर विश्वविद्यालय में अवैध गतिविधियों को संचालित करता है। नेमाड़े ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक पदों, जैसे कुलाधिपति और कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया, पूरी तरह अपारदर्शी है। नेमाड़े ने इस मामले की गहन जाँच के लिए सीबीआई या उच्च शिक्षा अधिकारियों से हस्तक्षेप की माँग की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की भ्रष्ट प्रथाओं ने न केवल कर्मचारियों, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के भविष्य को भी खतरे में डाल दिया है। नेमाड़े ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज की थी, लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन और स्थानीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के भ्रष्ट तंत्र को तोड़ने के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष जाँच आवश्यक है। स्थानीय लोग और पूर्व कर्मचारी भी इस मामले में उच्चस्तरीय जाँच की माँग कर रहे हैं, ताकि पीके यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों की जवाबदेही सुनिश्चित हो और शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता बहाल हो।

# ईश्वरी संस्था दिनारा ने डेढ़ दर्जन मेधावी छात्र,छात्राओं का सम्मान किया

## संस्था की मुख्य प्रशासिका की पुण्य स्मृति में किया आयोजन

नगर संवाददाता



दिनारा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय दिनारा में विद्यालय की संचालिका ब्रह्माकुमारी बमनीषा दीदी एवं प्रियंका दीदी ने ब्रह्माकुमारी संस्था की मुख्य प्रशासिका जगंबा सरस्वती के 60वा पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में दिनारा के कक्षा 10वीं और कक्षा 12 वीं के 85 प्रतिशत एवं 85 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान किया । कार्यक्रम आयोजक मनीषा दीदी,केपी चौरसिया ने छात्र,छात्राओं को नियमित पढ़ाई के साथ साथ धार्मिक और संस्कारवान बनने के लिए प्रेरित किया एवं डॉ.अंकित गुप्ता ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी पढ़ाई सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में समझाया । इसके उपरांत कक्षा 10वीं की राधिका राजपूत,आयुषी प्रजापति,तनिष्का गुप्ता,भूमि सोनी,ईशू साहू,आदर्श गुप्ता,आयुष झा,हनी राजपूत,दीपक राय एवं कक्षा 12वीं से श्रृष्टि कुशवाहा,वेदिका साहू,नितिन यादव,सौम्या शर्मा,श्रृष्टि गुप्ता,महक राय,सौम्या गुप्ता,शिवानी राजपूत,हर्ष पाल का सम्मान किया गया एवं सरकारी सेवा में चयनित शिवानी सोनी के पिताजी राजेश सोनी का सम्मान किया । इसके उपरांत संस्था की प्रशासिका का पुण्य स्मृति दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरती की गई । कार्यक्रम का संचालन प्रियंका दीदी ने किया । आखिर में ईश्वरीय संस्था दिनारा द्वारा छात्र,छात्राओं सहित कार्यक्रम में शामिल सभी को दाल बांटी का कार्यक्रम रखा गया।

# यूपी में बढ़ेगी दुग्ध उत्पादकों की आय; योगी सरकार ने किया ये अहम समझौता, सूबे के 3 डेयरी प्लांट से होगा बड़ा फायदा





लखनऊ  सरकार ने पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया है. बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन के तीन डेयरी प्लांट कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज और अंबेडकरनगर में बनी एक पशु आहार फैक्ट्री के संचालन का जिम्मा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (छक्क्ठ) को दिया गया. एनडीडीबी के संचालन में इन इकाइयों में तकनीकी सुधार, पारदर्शिता और बेहतर प्रबंधन होगा. इससे प्रदेश के दूध उत्पादकों को समय पर भुगतान, अच्छा दाम और लगातार बाजार मिलने की सुविधा मिलेगी.कार्यक्रम में उपस्थित एनडीडीबी के चेयरमैन मीनेश शाह ने नोएडा में संपन्न वर्ल्ड डेयरी समिट, 2022 के आयोजन में मुख्यमंत्री की ओर से प्राप्त सहयोग के प्रति आभार जताया और उत्तर प्रदेश में एनडीडीबी द्वारा संचालित विभिन्न दुग्ध विकास परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया. उन्होंने विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश के जिन तीन डेयरी प्लांट और एक पशु आहार निर्माणशाला के संचालन की जिम्मेदारी एनडीडीबी को सौंपी गई है, वह आने वाले वर्षों में प्रदेश के सबसे लाभकारी और मॉडल इकाइयों के रूप में स्थापित होंगे.उत्पादन में बहुत अच्छा काम कर रहीं महिलाएं रू मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दूध उत्पादन के क्षेत्र में महिलाओं को नई पहचान मिल रही है. उन्होंने झांसी की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी, आगरा और गोरखपुर जैसे जिलों का उदाहरण देते हुए कहा कि इन जगहों पर महिलाएं दूध उत्पादन में बहुत अच्छा काम कर रही हैं. उन्होंने इस काम में मदद के लिए एनडीडीबी (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड) की तारीफ भी की.मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले की सरकारों ने खेती और पशुपालन की ओर ध्यान नहीं दिया. इस कारण यह क्षेत्र पिछड़ गया और पशुपालक भी निराश हो गए. इससे प्रदेश में पशुओं की संख्या भी कम होने लगी. उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में न तो इच्छाशक्ति थी और न ही आगे की सोच.लेकिन 2014 के बाद जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आई, तो खेती और पशुपालन के क्षेत्र में बड़े बदलाव हुए. अब यह क्षेत्र युवाओं के लिए भी आकर्षक बन गया है और रोजगार के नए रास्ते खुल रहे हैं.दूध उत्पादन का क्षेत्र बढ़ेगा आगे रू मुख्यमंत्री ने पीसीडीएफ(प्रदेश की दुग्ध संस्था) से कहा कि वह एनडीडीबी की अच्छी योजनाओं को अपनाएं. इससे दूध उत्पादन का क्षेत्र और आगे बढ़ेगा और इससे जुड़े लोगों को फायदा होगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने, पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि एनडीडीबी जैसे दक्ष एवं अनुभवी संस्थान को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी कुशलता, व्यावसायिक पारदर्शिता और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित होगा.


## प्रमुख संक्षिप्त

### मलिहाबाद में युवक को ट्रक ने रौंदा; सदमे में दोस्त ने कर ली आत्महत्या, ट्रक चालक गिरफ्तार




लखनऊ  राजधानी के मलिहाबाद में बुधवार को सड़क हादसे में दोस्त की मौत के बाद दूसरे दोस्त ने भी अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है. मामले की जानकारी पुलिस को दी गई. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.मजदूरी कर घर लौट रहे थे वापस रू पुलिस के मुताबिक, मलिहाबाद थाना क्षेत्र के सरावां गांव के निवासी मनीष कुमार (18) और सागर (19) बुधवार सुबह मजदूरी कर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे. लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर वह दोनों हंसी-मजाक करते हुए साइकिल चला रहे थे. बताया जा रहा है कि इसी दौरान दूसरा दोस्त सड़क पर गिर गया. तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने मनीष को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.
फरीदीपुर गांव के पास की आत्महत्या रू प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोस्त का शव देखकर सागर पूरी तरह से घबरा गया. सदमे में उसने पहले जान देने की कोशिश की, लेकिन ट्रक ड्राइवर की सतर्कता से उसकी जान बच गई. इसके बाद सागर फरीदीपुर गांव की ओर भागा और वहां जाकर आत्महत्या कर ली. जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई. स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी.थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतकों के परिजनों द्वारा फिलहाल कोई तहरीर नहीं दी गई है. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से 13 किलोमीटर दूर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है. दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

### टूटा हेडलाइट लेकर घर पहुंचा बेटा, पिता ने डांट लगाई तो कपूत ने कुल्हाड़ी से काट दिया, अब ऐसा हुआ हाल



छिंदवाड़ा छिंदवाड़ा जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। यह घटना मामूली बात पर हुई। बेटे ने मोटरसाइकिल की हेडलाइट टूटने पर पिता के डांटने से गुस्सा होकर यह कदम उठाया। उसने कुल्हाड़ी से पिता का गला काटकर उन्हें मार डाला। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से पूरे गांव में दहशत फैल गई है। हाथों की नसें काटीं, फिर चाकू से रेती गर्दन! लव ट्रायंगल में फंसे युवक का गर्लफ्रेंड ने ही करा दिया मर्डर यह घटना बिछुआ थाना क्षेत्र के मुंगनापार गांव में हुई। संजू उर्फ संजय दर्शमा (27) नाम का एक व्यक्ति मजदूरी करता है। 22 जून को वह अपने ससुराल अरीकाटा गांव गेहूं लेने गया था। गेहूं लेकर लौटते समय उसकी मोटरसाइकिल की हेडलाइट टूट गई। घर पहुंचने पर उसके पिता भोजराज दर्शमा (50) ने उसे हेडलाइट टूटने पर डांटा। इस बात पर दोनों में बहस हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि संजू गुस्से में आ गया। उसने पास में रखी कुल्हाड़ी उठाई और अपने पिता पर हमला कर दिया।ऐसे दिया घटना को अंजामसंजू ने पहले अपने पिता के चेहरे पर वार किया। फिर उसने उनकी गर्दन पर वार किया। भोजराज की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही वह गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही बिछुआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने आरोपी संजू को कुछ ही घंटों में पकड़ लिया।छोटी-छोटी बातों पर झगड़ता था बेटापुलिस के अनुसार संजू अक्सर अपने पिता से छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करता था। इस बार विवाद इतना बढ़ गया कि उसने हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस की धारा 103(1), 296 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनसिंह मर्सकोले और उनि रविन्द्र सिंह डोंगरा ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई की।

### मोहर्रम पर मंदिरों के सामने ताजिए निकलने पर धीमा बजाए डीजे

जालौन। मोहर्रम के पर्व पर नई पद्धतियां न अपनाने और मंदिरों कें सामने डीजे धीमी आवाज में बजाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।   हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजा सिंह सेंगर ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि आगामी मोहर्रम के पर्व पर मंदिरों के सामने ताजिया निकलने के दौरान डीजे धीमी आवाज में बजाए जाएं आरती के समय डीजे बंद किए जाने चाहिए। ताजिया रूट पर ही बिजली की कटौती की जाए अन्य स्थानों पर कटौती न की जाए। अखाड़ा के दौरान शस्त्रों का प्रदर्शन न किया जाए। ताजिया निर्धारित ऊंचाई के ही बनाने के लिए निर्देशित किया जाए। छड़ों की संख्या व मार्ग निर्धारित किया जाए। हिंदू घरों के सामने हरी पताका न लगाई जाए और उत्तेजित करने वाली नारेबाजी न की

# चित्रकूट मंडल में बनेंगे सीएम मॉडल स्कूल, बेहतर सुविधाओं के साथ 12 वीं तक मिलेगी मुफ्त शिक्षा



बांदा  शिक्षा को सुदृढ़ और समावेशी बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। चित्रकूट मंडल के सभी चार जिलों बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर और महोबा की सभी 16 तहसीलों में अत्याधुनिक सीएम मॉडल स्कूल खोले जाएंगे। इन स्कूलों में बच्चों को प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12वीं तक की निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।हर तहसील में एक मॉडल स्कूल की स्थापना के लिए 25 बीघा जमीन की आवश्यकता होगी। शासन ने जमीन चिन्हित करने की जिम्मेदारी एसडीएम को दी है। कुछ स्थानों पर जमीन चयनित भी की जा चुकी है, जैसे बांदा जिले की पैलानी तहसील के सिंधन कला गांव में। वहीं, चित्रकूट, हमीरपुर और महोबा में भी प्रक्रिया तेज़ी से जारी है।आधुनिकता से लैस होंगे स्कूलइन मॉडल स्कूलों की खास बात यह होगी कि यहां स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी, विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब, मल्टीपर्पज हॉल, खेल मैदान, ओपन जिम, बैडमिंटन कोर्ट और हरियाली से युक्त परिसर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही, शुद्ध पेयजल, उत्तम शौचालय, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और प्राथमिक उपचार कक्ष भी अनिवार्य रूप से होंगे।शिक्षा के साथ स्किल डेवलपमेंट भी प्राथमिकतासरकार की मंशा है कि विद्यार्थियों को सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि कौशल विकास भी प्रदान किया जाए। इसी उद्देश्य से हर स्कूल में स्किल हेल्प सेंटर और भाषा प्रयोगशाला की स्थापना होगी, जिससे छात्र 12वीं के बाद रोजगार या उच्च शिक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।फ्री एडमिशन के साथ12वीं तक फ्री पढ़ाईइन स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन, दस्तावेज़ सत्यापन और कुछ मामलों में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से होगी। एक बार दाखिला मिलने के बाद छात्र कक्षा 12वीं तक निशुल्क पढ़ाई कर सकेंगे। किसी भी प्रकार की फीस नहीं ली जाएगी।खेल को मिलेगा बढ़ावाजहां सरकारी स्कूलों में खेल मैदानों की कमी है, वहीं इन मॉडल स्कूलों में खेल को विशेष प्राथमिकता दी गई है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता रखते हुए स्कूल परिसर में वृक्षारोपण और हरियाली पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।शिक्षकों के लिए भी उचित व्यवस्थावहीं छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों का भी उच्च स्तर पर ध्यान रखा गया है। यहां शिक्षकों, प्रधानाचार्य व अन्य कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाएं भी स्कूल परिसर में ही विकसित की जाएंगी, ताकि वे समय पर उपलब्ध रह सकें और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कर सकें।इन स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था अत्याधुनिक होगी। सीसीटीवी कैमरे के साथ-साथ सुरक्षा गार्ड की तैनाती भी की जाएगी, जिससे छात्र-छात्राएं एक सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई कर सकें।कमेटी गठित, सभी बीएसए को भेजा गया निर्देशप्रभारी सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक शिक्षा) प्रेम प्रकाश मौर्य ने बताया कि सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे भूमि की पहचान कर प्रस्ताव शासन को भेजें। सभी बीएसए कार्यालय इस दिशा में काम कर रहे हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## अखिलेश यादव मुगलों के आखिरी शासक... बीजेपी नेता संगीत सोम ने सपा सुप्रीमो को बता डाला सीजनल हिंदू





मेरठ  उत्तर प्रदेश के मेरठ में भाजपा के फायरब्रांड नेता और सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम एक बार फिर अपने विवादित बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला करते हुए उन्हें श्मुगलों का आखिरी शासकश् करार दिया और श्सीज़नल हिंदूश् बताया। सोम का यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।यह बयान संगीत सोम ने मेरठ के सरधना क्षेत्र में आयोजित मेले ष्बूढ़ा बाबा धामष् में जनसभा को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में मुगलों का शासन नहीं लौटेगा और अखिलेश यादव जैसे नेता प्रदेश की जनता को गुमराह नहीं कर सकते।ष्अखिलेश यादव सीज़नल हिंदू हैं, जब चुनाव आता है तभी मंदिरों में दिखते हैं। वो परमानेंट हिंदू नहीं बन सकते।ष् संगीत सोम ने समाजवादी पार्टी की विचारधारा पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करती है और हिंदू समाज को बांटने का प्रयास करती रही है। उन्होंने दावा किया कि यूपी की जनता अब जाग चुकी है और 2022 में जो जवाब दिया गया, वह 2027 में और भी ज़ोरदार होगा।बयान को लेकर समाजवादी पार्टी की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। सपा प्रवक्ताओं ने इसे भाजपा की हताशा करार देते हुए कहा कि जब मुद्दों पर जवाब नहीं होता तो भाजपा नेता इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं। गौरतलब है कि संगीत सोम पहले भी अपने उग्र बयानों के लिए चर्चित रहे हैं। मुजफ्फरनगर दंगों के बाद से वह हिंदुत्ववादी राजनीति में एक उग्र चेहरा बनकर उभरे थे।सोशल मीडिया पर यह बयान चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोगों ने इसे राजनीतिक स्टंट बताया तो कुछ ने समर्थन भी किया। कुल मिलाकर संगीत सोम का यह बयान आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल को गरमा सकता है।

# महाराष्ट्र और कर्नाटक में एनएसआई के विशेषज्ञ उगाएंगे मीठी ज्वार, देश को मिलेगा भरपूर एथेनॉल




कानपुर देश में पेट्रोल की खपत को पूरा करने और नॉन फीड स्टॉक (मीठा ज्वार या जुंडी) से एथेनॉल तैयार करने की दिशा में कानपुर के राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) के विशेषज्ञों ने बड़ी सफलता मिल गई है.कुछ माह पहले विशेषज्ञों ने अपने संस्थान में मीठे ज्वार की 10 एकड़ खेती की, जिससे उन्हें 50 लीटर प्रति टन एथेनॉल मिल गया था. इस प्रोजेक्ट को देखते हुए केंद्र सरकार ने बीपीसीएल के विशेषज्ञों को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) भेजा.पेट्रोल की ब्लेंडिंग के तौर पर इस्तेमाल होगारू साथ ही पूरे देश में मीठे ज्वार की खेती से एथेनॉल तैयार करने के निर्देश दिए. अब बीपीसीएल ने एनएसआई से करार करते हुए संस्थान को इस खास प्रोजेक्ट के लिए 14 करोड़ रुपये का फंड दिया है. एनएसआई विशेषज्ञों की टीम ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में 500-500 एकड़ में मीठे ज्वार की खेती शुरू करा दी है.संस्थान की निदेशक डॉ. सीमा परोहा ने कहा कि मीठे ज्वार की खेती से हम एथेनॉल तैयार करने में कामयाब रहे. अब महाराष्ट्र और कर्नाटक में बड़े पैमाने पर इसकी फसल मिलेगी, जिसका कॉमर्शियल ट्रायल कर एथेनॉल का उत्पादन होगा. यह देश में पेट्रोल की ब्लेंडिंग के तौर पर उपयोग में लिया जा सकेगा.एथेनॉल उत्पादन में खर्च का रिकॉर्डर रखा जा रहारू संस्थान की निदेशक ने कहा, इस प्रोजेक्ट से हम जान सकेंगे आखिर एथेनॉल उत्पादन में कितनी बिजली की खपत, कितना उत्पादन है, कितनी फसल मिल रही है, कितनी लागत आ रही है? इस प्रोजेक्ट में एनएसआई विशेषज्ञों के साथ एडवांटा समूह, आईएमआर समूह, निरानी समूह व एनएसएल समूह के विशेषज्ञ भी काम करेंगे.किसानों की आय में होगा इजाफारू देश में पेट्रोल की खपत को पूरा करने और नॉन फीड स्टॉक (मीठा ज्वार या जुंडी) से एथेनॉल तैयार करने की दिशा में कानपुर के राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) के विशेषज्ञों ने एनएसआई की निदेशक प्रो.सीमा परोहा ने बताया, पिछले कुछ सालों से महाराष्ट्र और कर्नाटक के किसान गन्ने की खेती कर रहे थे.साल में तीन बार तैयार होगी मीठा ज्वार की फसलरू पर अब उन्हें गन्ने की खेती के साथ मीठे ज्वार की खेती करने का मौका मिल गया है. वहां मीठे ज्वार (जुंडी) की फसल को मौसम के मुताबिक साल में तीन बार तैयार किया जा सकेगा. यह रवी, खरीफ व गर्मी के सीजन में आसानी से लहलहा जाएगी. उन्होंने कहा, जून में बुआई का काम हो गया है. 55 टन प्रति हेक्टेयर तक यह फसल तैयार हो जाएगी. जो किसान मीठा ज्वार तैयार करेंगे, उनसे समूह खरीद लेंगे.संस्थान ने तैयार कराया एपरू निदेशक प्रो.सीमा परोहा ने बताया, इस प्रोजेक्ट के लिए बीपीसीएल से जो फंडिंग मिली है, उससे हम एक एप भी बनवा रहे हैं. इसमें किसानों का पूरा डाटा होगा. उनके नाम, पता के साथ खेत की पूरी जानकारी दर्ज रहेगी. अब इन किसानों के साथ संस्थान के विशेषज्ञ हमेशा से जुड़े रहेंगे. जब पहली बार फसल तैयार होगी, तो उसका पूरा रिकार्ड भी एप पर आ जाएगा. कर्नाटक में खेती का पूरा काम निरानी समूह के विशेषज्ञ देखेंगे. महाराष्ट्र में इसकी पूरी जानकारी एनएसएल समूह के विशेषज्ञों के पास मौजूद रहेगी. समय-समय पर एनएसआई के विशेषज्ञ भी वहां का दौरा करेंगे. एप के माध्यम से जियो टैगिंग का काम भी कराया जा रहा है.संस्थान के लिए एक बड़ा मिशन हैरू निदेशक प्रो.सीमा परोहा ने कहा, संस्थान ने पहली बार प्रयोग करते हुए नॉन फीड स्टॉक से एथेनॉल तैयार करने का पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया था. जब संस्थान की एक्सपेरिमेंटल शुगर फैक्ट्री में इसे क्रश किया गया, तो इससे हमें 49-50 लीटर प्रति टन तक एथेनॉल मिल गया है.अब दो राज्यों की मदद से एथेनॉल उत्पादन कराना संस्थान के लिए एक बड़े मिशन की तरह है. केंद्र सरकार भी इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत अधिक गंभीर है.

# सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से वर्ष में दो बार होगी- सप्लीमेंट्री खत्म-पहली परीक्षा फरवरी में कंपलसरी, दूसरी मई में ऑप्शनल-अप्रैल जून में नतीजे



परीक्षा के नए पैटर्न में छात्रों को अंकों में बेहतर सुधार का यह मौका करियर में मील का पत्थर साबित होगा सीबीएसई 10वीं का नया पैटर्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के अनुरूप,परीक्षाओं में कम तनावपूर्ण माहौल व छात्रों को सीखने का बेहतर मौके देना है-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर पूरी दुनिया के मंझे हुएशिक्षाविदों बुद्धिजीवियों व शिक्षा के क्षेत्र में विशेष विश्लेषणात्मक भूमिका रखने वालों की पूरी नजर गढ़ी हुई है, क्योंकि इस नई राष्ट्रीय नीति 2020 में अनेकों ऐसे अनुशंसित नियम व मौके हैं जो शिक्षा के क्षेत्र में भारत की पीढ़ीयों में मील का पत्थर साबित होंगे। इसके पूर्व हमने देखे कि इंजीनियरिंग सहित अनेको कोर्स अपनी मातृभाषा में करने का सटीक सिस्टम लागू किया गया है, जो इस एनईपी 2020 का ही हिस्सा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भारत के सभी राज्यों ने भी तुरंत लागू करना चाहिए क्योंकि इस शिक्षा नीति को अपनाने से जोजनरेशन निकलेगी वह पारिस्थितिकीजन्य विश्लेषण कर नई प्रौद्योगिकी वह नीति से आगे बढ़ाने वाली होगी।आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि सीबीएसई के एग्जामिनर कंट्रोलर ने बुधवार दिनांक 25 जून 2025 शाम को प्रेस में बताया कि दसवीं की परीक्षा अब सत्र 2025-2026 से वर्ष में दो बार होगी, व उसका पूरा विवरण बताए जो हम नीचे पैराग्राफ में चर्चा करेंगे।चूंकि इस नए पैटर्न से छात्रों को अंकों में बेहतर सुधार करने का मौका मिलेगा जो उनके करियर में मील का पत्थर साबित होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे सीबीएसई 10वीं बोर्ड का नया पैटर्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के अनुरूप परीक्षाओं को कम तनावपूर्ण व छात्रों को सीखने का बेहतर मौका देना है। साथियों बात अगर हम सत्र 2025-26 से सीबीएसई 10वीं की परीक्षा पैटर्न में चेंज की करें तो,अगर हम या हमारे बच्चे 10वीं की तैयारी कर रहे हैं तो यह खबर हमारे लिए बेहद जरूरी है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 से कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के तरीके में बड़ा बदलाव करने का ऐलान किया है, अब छात्रों को परीक्षा में साल में दो बार बैठने का मौका मिलेगा, यानी अगर कोई छात्र अपने पहले प्रयास के अंकों से संतुष्ट नहीं है, तो वह दूसरी परीक्षा में बैठ सकता है, इसका उद्देश्य छात्रों पर से दबाव कम करना और उन्हें बेहतर प्रदर्शन का दूसरा मौका देना है।सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक ने दी जानकारी दीं उन्होंने कहा, ''पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा, दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे%%इससे छात्रों को एक ही शैक्षणिक सत्र में दो अवसर मिलेंगे और वे समय पर अपने करियर और आगे की पढ़ाई के लिए निर्णय ले सकेंगे।उन्होंने आगे कहा, ''छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा, छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा, इसका मतलब यह है कि छात्र केवल उन्हीं विषयों की परीक्षा दोबारा देंगे, जिनमें वे अपनी पहली कोशिश से संतुष्ट नहीं हैं %%तय मानदंडों के अनुसार, शीतकाल में बंद रहने वाले स्कूलों के दसवीं कक्षा के छात्रों को किसी भी चरण में उपस्थित होने का विकल्प मिलेगा. इसके अनुसार, शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा, यह बदलाव परीक्षा प्रक्रिया को सरल और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए किया गया है, सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी और हितधारकों की प्रतिक्रिया मांगी गई थी, नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश के मुताबिक, बोर्ड परीक्षाओं की ''उच्च अपेक्षा%% वाले पहलू को खत्म करने के लिए सभी छात्रों को किसी भी शैक्षणिक वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।सीबीएसई का यह नया पैटर्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप है। नीति का उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं को कम तनावपूर्ण बनाना और छात्रों को सीखने के बेहतर मौके देना है,सीबीएसई ने इस बदलाव से पहले फरवरी 2025 में ड्राफ्ट नियम जारी कर सभी हितधारकों से सुझाव मांगे थे,इन सुझावों के आधार पर ही यह नया पैटर्न तैयार किया गया है।सीबीएसई का यह नया फैसला बोर्ड परीक्षा को ज्यादा लचीला और छात्र- केंद्रित बनाता है, अब छात्र अपनी गलतियों को सुधारने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए दो मौके पा सकेंगे, जिससे परीक्षा का तनाव कम होगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। कक्षा 10 के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के पहले चरण में उपस्थित होना अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक रहेगा। आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।इस फैसले के बाद छात्रों को अपने अंकों में सुधार का मौका मिल पाएगा। यदि किसी छात्र के अंक पहले चरण में कम रह जाते हैं, तो वह दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करके सुधार कर सकेगा, यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसित एक कदम है। साथियों बात अगर हम 10वीं सीबीएसई के इस चेंज पैटर्न को गहराई से समझने की करें तो, नए एग?जाम पैटर्न की 3 अहम बातें, परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी।विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी। अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक सब?जेक?ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बता दें कि पहले और दूसरे चरण की परीक्षाओं में सेलेबस भी एक ही रहेगा और पूर्ण पाठ्यक्रम शामिल होगा, इसके साथ ही जो स्टूडेंट दोनों परीक्षा में हिस्सा लेंगे, उनके परीक्षा केंद्र एक ही होंगे,(1) अगर एग्जाम फीस की बात करें तो रजिस्ट्रेशन के वक्त ही दोनों परीक्षाओं की फीस जमा करनी होगी। (2) सीबीएसई दूसरे एग्जाम के जरिए उन स्टूडेंट्स को मौका देना चाहता है, जो एक बार परीक्षा के बाद अपने परिणामों में सुधार करना चाहते हैं (3) अगर कोई स्टूडेंट साल की दोनों परीक्षाओं में हिस्सा लेता है तो उसके उन नंबरों को फाइनल माना जाएगा, जो ज्यादा होंगे, अगर किसी के पहले एग्जाम में ज्यादा नंबर आते हैं और दूसरे एग्जाम में कम नंबर आते हैं तो उसके पहले चरण की परीक्षा के नंबर को फाइनल माना जा सकता है। बता दें कि स्टूडेंट्स तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की अनुमति दी जाएगी, अगर कोई स्टूडेंट पहली परीक्षा में 3 या 3 से ज्यादा विषयों में शामिल नहीं हुआ है तो उसे दूसरी परीक्षा में बैठने का मौका नहीं मिलेगा।सीबीएसई की ओर से फरवरी में जो ड्राफ्ट तैयार किया गया था, उसमें कहा गया था कि सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के पहले चरण की परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च के बीच आयोजित हो सकती है और दूसरे चरण की परीक्षाएं 5 से 20 मई के आयोजित होंगी।अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से वर्ष में दो बार होगी- सप्लीमेंट्री खत्म-पहली परीक्षा फरवरी में कंपलसरी, दूसरी मई में ऑप्शनल-अप्रैल जून में नतीजे,परीक्षा के नए पैटर्न में छात्रों को अंकों में बेहतर सुधार का यह मौका करियर में मील का पत्थर साबित होगा।सीबीएसई 10वीं का नया पैटर्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के अनुरूप,परीक्षाओं में कम तनावपूर्ण माहौल व छात्रों को सीखने का बेहतर मौके देना है।

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

## कविता

### माँ की ममता

रात भर वो सोई नहीं, कलप रही थी
घर में चीख पुकार मच रही थी
मानने को वह तैयार ही नहीं थी
अपनी बेटी को नजरें तलाश रहीं थीं
लगातार वह विलाप कर रही थी
कुछ सुनने और कहने को वह तैयार ही नहीं थी
पति की सहानुभूति से और रो रही थी
बेटी को नजरें तलाश रही थीं
तड़फ सी दिल से निकल रही थी
धीरे-धीरे सुबह भी शाम में ढल रही थी
कहीं खोज खबर ही नहीं मिल रही थी
रात भर वो सोई नहीं, कलप रही थी
घर में चीख पुकार मच रही थी
अचानक से फोन की घंटी बज रही थी
थाने में पहुंचने की अब घड़ी थी
पिता के साथ आज माँ यूँ चल पड़ी थी
जो नहीं देखा था वह देखने आगे बढ़ चुकी थी
सामने बेटी दूल्हे संग खड़ी थी
मां को यह बात बहुत ही खली थी
जिसे पाल पोस कर बड़ा किया आज वह अपनी मनमर्जी करने चली थी
दिल के हुए दो टुकड़े सुनकर जो वह कहने चली थी
माँ बाप के संग अब वह ना चली थी
मनमानी से शादी जो कर चुकी थी
संस्कारों की कड़ी जो अब टूट चुकी थी
जिसके लिए तड़पी थी उसी से आज नाता तोड़ने चली थी
पिता बोले तुम कितने भ्रम में जी रही थी
कोई और नहीं यह खुद से घर से निकल चली थी
समाज के अत्याचार से नहीं माँ की ममता से पीड़ित थी
पिता की रूह कांप उठी जब वह कहने चली थी
मैं अपनी मर्जी से घर से चली थी
ना लड़के की ना समाज की गलती थी
क्योंकि अब मैं बालिग जो हो चली थी
माँ की ममता आज तार तार हो चली थी
थाने में उनकी एक न चली थी
कमजोर होने ममता की कड़ी चली थी
शायद मेरी ममता में ही कुछ कमी थी?..
रात भर वो सोई नहीं, कलप रही थी
घर में चीख पुकार मच रही थी



**वंदना घनश्याला की कलम से**

## कविता

### जग के नाथ जगन्नाथ

शरण में जो आए, प्रभु तारते हैं।
दया दृष्टि से ही संकट हरते हैं।
रथ में विराजे, नगर घूमते हैं।
कृपा से सभी को नव जन्म देते हैं॥
सुभद्रा समेतें, बलदेव साथे।
भक्ति में लहरें, जन मोद पाथे।
ध्वज और पताका, शुभ चित्त राखे।
पवित्र पथों पर चरण प्रभु राखे॥
पट जब खुले तो हृदय नाचे रे।
भीड़ें उमड़तीं, सभी गाएँ रे।
रथ खींच भक्तों का मन भाए रे।
मोक्षोपथ खुद प्रभु बतलाएँ रे॥
कालों में कलि का ये नाथ जग है।
केशव का साक्षात् रूप रथ मग है।
हरि नाम से ही तो भक्ति उमग है।
रथयात्रा चेतन पथ की सजग है॥
सागर समर्पण, चरणों पे होवे।
मन मन्दिरों में प्रभु प्रेम रोवे।
जग के अधीशा, कृपा की शोभा।
जगन्नाथ ही तो शरण हैं लोभा॥





**स्वाति सिंह साहिबा**
**संस्थापिका अनुरनन प्रतिध्वनि साहित्यिक मंच**
**महेश्वर**

## आम जन के बीच भूमिका तलाशे राजभाषा विभाग

संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के तौर पर भले ही स्वीकार कर लिया था, लेकिन राजभाषा के प्रतिष्ठापन और कार्यान्वयन को लेकर अलग से विभाग की स्थापना आजादी के फौरन बाद नहीं हो पाई। राजभाषा विभाग की स्थापना आजादी के 28 वर्ष बाद 26 जून 1975 को हुई थी। इसे संयोग कहें या कुछ और, राजभाषा हिंदी को प्रतिष्ठापित करने के लिए गठित भारत सरकार का राजभाषा विभाग जिस समय अपनी पचासवीं सालगिरह मना रहा है, ठीक उसी वक्त महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत कई राज्यों में राजभाषा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल तो उस महाराष्ट्र में भी उठ रहा है, जहां के लोकमान्य तिलक, काका कालेलकर और विनोबा भावे जैसी विभूतियों ने हिंदी में राष्ट्रीय एकता के सूत्र दिखे थे। सदा की तरह तमिलनाडु ने हिंदी विरोध में राजनीतिक मोर्चा खोल ही रखा है। संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के तौर पर भले ही स्वीकार कर लिया था, लेकिन राजभाषा के



प्रतिष्ठापन और कार्यान्वयन को लेकर अलग से विभाग की स्थापना आजादी के फौरन बाद नहीं हो पाई। राजभाषा विभाग की स्थापना आजादी के 28 वर्ष बाद 26 जून 1975 को हुई थी। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस दिन स्वाधीन भारत के इतिहास के काले अध्याय यानी आपातकाल की घोषणा हुई, ठीक उसके अगले दिन राजभाषा विभाग अस्तित्व में आया। वैसे यह भी ध्यान देने की बात है कि संभवतः भारत अकेला देश है, जहां राजभाषा के लिए अलग से विभाग है। राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए अधिकारी हैं। दुनिया में ऐसा उदाहरण किसी दूसरे देश में नहीं मिलता। पचास साल की यात्रा पूरी कर चुके राजभाषा विभाग की स्थापना का बुनियादी उद्देश्य राजभाषा संबंधी संवैधानिक और कानूनी नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और संघ के सरकारी काम-काज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाना रहा। लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा किसी विभाग की पचास साल की यात्रा कोई कम नहीं होती। यह ठीक है कि इस दौरान हिंदी ने लंबा सफर तय किया है। संचार के माध्यमों, बाजार और सिनेमा ने हिंदी को दुनिया के उस कोने तक पहुंचा दिया है, जहां सरकारी सहयोग से उसके पहुंचने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि नए सिरे से हिंदी के विरोध में आवाजें उठ रही हैं। हिंदी विरोधी सुर उन राज्यों में भी दिख रहे हैं, जहां कभी हिंदी के समर्थन में आंदोलन हुए, हिंदी ने जहां रचनात्मक उपलब्धियां हासिल कीं। महाराष्ट्र ऐसा ही राज्य है।-

**शम्भवी सिंह**



आस्था

आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि दिन शुक्रवार

# मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए नागरिकों की सहभागिता मील का पत्थर साबित होगी



आओ प्रकृति के साथी बनें, मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया - वैश्विक स्तरपर आज हर देश पर्यावरण समस्याओं का सामना कर रहा है जिसका समाधान खोजने उसपर अमल करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी देश एकत्रित होकर पर्यावरण की सुरक्षा के मुद्दों पर अनेक उपायों की चर्चा कर उसके क्रियान्वयन करने में लगे हुए हैं जिसमें पेरिस समझौता सहित अनेक ऐसे समझौते शामिल हैं जो मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत न केवल हर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग प्रदान कर रहा है बल्कि घरेलू स्तरपर भी अनेक लक्ष्यों को भी अपने टारगेट समय से पूर्व पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय स्तरपर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक सामाजिक, सहकारी, सरकारी, निजी संस्थाएं कार्य कर रही है परंतु अगर वास्तव में हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो हर नागरिक को इस पर्यावरण सुरक्षा संबंधी यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति देनी होगी और अभियान चलाकर, आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें, का नारा देना होगा! मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा तथा अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी ऐसी सोच रखनी होगी।

साथियों बात अगर माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, विज्ञान के क्षेत्र में नईप्रौद्योगिकीयों को खोजने तथा ऐसे नवोन्मेषण करने की अपील की जो पर्यावरण के अनूकूल मूल्यों को बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा, हमें प्रकृति का साथी बन जाना चाहिए तथा जीवों के साथ साथ प्रकृति के निर्जीव तत्वों के प्रति भी श्रद्धा और सम्मान की भावना रखनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि धीरे धीरे मानव सभ्यता हमारे समय की पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर करेगी तथा हम सभी के लिए एक



खुशहाल, समृद्ध, न्यायसंगत तथा टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी। उन्होंने पर्यावरण के क्षरण पर चिंता जताई और कहा कि पृथ्वी के इकोसिस्टम का निर्माण इस तरह से किया गया है कि किसी एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में प्रभाव केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह पूरे विश्व को सन्निहित कर लेता है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए हमारे सामने कार्बन उत्सर्जन का मामला है। भले ही यह एक देश में हो रहा हो, निश्चित रूप से यह अन्य सभी देशों को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि वैश्विक पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में, सभी शिखर सम्मेलन, सम्मेलन, संधियां तथा समझौते, चाहे वह रियो समिट हो या डेजर्टिफिकेशन से मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन कन्वेंशन, क्योटो प्रोटोकॉल या पेरिस सम्मेलन, वे सभी समान रूप से एक सुर में कार्य करने के लिए विश्व के सभी देशों का मार्गदर्शन करते हैं। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में, भारत ने अपनी परंपरा और संस्कृति से निर्देशित होकर निरंतर मृदा संरक्षण क लिए कार्य किया है। केवल मिट्टी पर ध्यान केंद्रित करने के जरिये मृदा संरक्षण नहीं किया जा सकता। हमने इससे जुड़े सभी घटकों जैसे वनीकरण, वन्य जीवन, आर्द्र भूमि आदि को संरक्षित करने और बढ़ाने का कार्य किया है। केवल सामूहिक प्रयासों से ही सामूहिक समस्याओं का निदान संभव होगा। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सभी मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास करें और एक साथ मिल कर एक बेहतर विश्व की ओर बढ़ें।उन्होंने मिट्टी बचाओ अभियान को उम्मीद की किरण बताया क्योंकि इससे यह विश्वास पैदा होता है कि इस अभियान के माध्यम से विश्व भर के लोग आने वाले समय में मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल मिट्टी की रक्षा करने बल्कि मानव सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करने का भी एक प्रयास है।उन्होंने पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने के लिए प्रेरित करने के अतिरिक्त लोगों को योग के माध्यम से अधिक प्रसन्नचित्त तथा अधिक सार्थक जीवन जीवन जीना सिखाने के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देकर भारत ने अपनी सीमा के भीतर रहने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लोगों को अपना परिवार माना है। श्री सदुरु ने अपने काम से निश्चित रूप से एक नया पर्यावरण आंदोलन पैदा करने के लिए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, वह मिट्टी बचाओ जैसे अभियानों तथा अध्यात्मिकता के माध्यम से दिव्य संदेश दे रहे हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ प्रकृति के साथी बनें। आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें। मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए नागरिकों की सहभागिता मील का पत्थर साबित होगी।

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

## ब्रीफ न्यूज़

### भोपाल में स्कूल बसों पर आरटीओ की कार्रवाई

**भोपाल।** स्कूल बसों की अनियमितताओं को लेकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को नर्मदापुरम रोड पर विशेष चेकिंग अभियान के दौरान माउंट कार्मल और केएम कॉन्वेंट स्कूल समेत कई स्कूल बसों की जांच की गई। इस दौरान बिना परमिट और फिटनेस के दौड़ रही 5 बसें जब्त की गईं। ये सभी वाहन जब्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़े कर दिए गए हैं। इसके अलावा तीन अन्य बसों से बिना क्ष्ट और चालक के पास वैध लाइसेंस न होने पर 25,000 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। आरटीओ अमले ने मौके पर ही दस्तावेजों की बारीकी से जांच की और जिन वाहनों में भारी खामियां पाई गईं, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने इस संबंध में कहा, बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी स्कूल बसों के दस्तावेज जैसे फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट और बीमा की अनदेखी गंभीर अपराध है। यह सीधे तौर पर बच्चों की जान से खिलवाड़ है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### आज भोपाल में होगा मीसाबंदियों का सम्मान

**भोपाल।** इंदिरा सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर बीजेपी ने कल प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया। आज (गुरुवार) सीएम हाउस में मप्र के 700 मीसाबंदियों का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक और प्रदेश भर से मीसाबंदी शामिल होंगे। सीएम हाउस में होने वाले कार्यक्रम में पूरे मप्र से 700 मीसाबंदी अपने परिवारजनों के साथ शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद सीएम मीसाबंदियों के परिवार के साथ भोजन भी करेंगे। भौमिक ने कहा कि बाकी मीसाबंदियों को प्रभारी मंत्री जिलों में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर ताम्र पत्र भेंट करेंगे। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर बुधवार को भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीसाबंदियों का सम्मान किया था।

### एएसआई लिखा-पढ़ी करता रहा..

**ब्यावरा।** मप्र सरकार सड़क हादसे में घायल को 'गोल्डन आवर' में अस्पताल पहुंचाने पर 25 हजार रुपए प्रोत्साहन देती है, ताकि वक्त पर इलाज से जान बच सके। लेकिन मंगलवार को ब्यावरा के कुरावर में खुद पुलिस ने 'गोल्डन आवर' को ताक पर रख दिया। दरअसल, तलेन स्टेट हाइवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में 4 युवक घायल हुए। इनमें गोविंद मालवीय (25) और मनीष मालवीय (23) की हालत गंभीर थी। घटना के बाद एक घायल युवक बार-बार एएसआई प्रसादीलाल से गुहार लगाता रहा- हमें हॉस्पिटल में एडमिट करवा दो, मैं मर जाऊंगा नहीं तो। लेकिन एएसआई कागजों में उलझे रहे। करीब 15 मिनट बाद डायल-100 से अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन देरी के चलते दोनों को भोपाल रेफर करना पड़ा। टीआई बोलीं- एंबुलेंस देर से आई= टीआई संगीता शर्मा ने देरी की वजह एंबुलेंस के देर से पहुंचने को बताया। बुधवार को इस घटना का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें घायल मदद की गुहार लगाता दिखा।

### इंदौर में सुबह से बादल छाए, बारिश के आसार

**इंदौर।** इंदौर में आज सुबह से बादल छाए हुए है। मौसम वैज्ञानिकों ने बारिश के आसार जताए हैं। इससे पहले, बुधवार को दिनभर बादल छाए रहे। सुबह 11 बजे से शाम तक मौसम ऐसा ही रहा। इस दौरान कहीं रिमझिम तो कहीं हल्की बारिश हुई। वहीं, दिन का तापमान 29.5 (-4) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 4 डिग्री कम है। रात का तापमान 23.2 (0) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य है। इस जून यह चौथी बार है कि रात का तापमान सामान्य पर है। हालांकि 24 घंटों में सिर्फ 4.5 मिमी बारिश ही दर्ज हुई है, लेकिन मौसम ठंडा रहा। जून में इस बार 25 दिनों में से 16 दिन बारिश जरूर हुई लेकिन दिनभर में बहुत ही कम यानी 10 मिमी से भी कम। सिर्फ दो बार ऐसी स्थिति बनी, जब दिनभर में सिर्फ आधा-आधा इंच बारिश हुई। इसके चलते इस बार जून में अभी तक 2 इंच बारिश हुई है जबकि जून का कोटा 5 इंच का है। अब जून खत्म होने में 5 दिन बाकी हैं और कोटा पूरा करने के लिए 3 इंच बारिश की जरूरत है। मौसम विभाग के अनुसार अभी एक टर्फ प्रदेश के बीच से गुजर रहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया देश के पहले सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का लोकार्पण

## समाज में आत्मीयता पूर्ण माहौल स्थापित करती है मध्यस्थता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

नगर संवाददाता

**भोपाल।** हमारे देश की प्राचीन सोच को नवीन रूप से कायम कर समाज में आत्मीयता पूर्ण माहौल बनाने के लिए मध्यस्थता वर्तमान समय की मांग हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर के पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में देश के पहले सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र के लोकार्पण के अवसर पर कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यस्थता से न केवल मामलों का निपटारा होता है अपितु समाज में आपसी विश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता की सोच को मध्यप्रदेश सरकार गांवों तक ले जाने के प्रयास करेगी जिससे गांवों में भी परस्पर सौहार्द का माहौल बन सके। उन्होंने कहा कि सामाजिक तानेबाने के सुचारू संचालन के लिए जरूरी है कि पारिवारिक रिश्तों की मजबूती बनी रहे। उन्होंने इंदौर पुलिस कमिश्नरेट, जिला प्रशासन और विधिक सेवा प्राधिकरण को बधाई देते हुए कहा कि यह पुण्य कार्य सराहनीय मॉडल है।

पुलिस कमिश्नरेट इन्दौर एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में नवनिर्मित सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति एवं कार्यपालिक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण म.प्र. उच्च न्यायालय जस्टिस श्री संजीव सचदेवा एवं प्रशासनिक न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय मध्यस्थता



समिति जस्टिस श्री विवेक रूसिया की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट , सांसद श्री शंकर लालवानी, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं इंदौर के मध्यस्थ उपस्थित रहें।

**मध्यस्थता समझौता कराने के साथ मानवीय रिश्तों को मजबूत बनाती है :-**

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति श्री संजीव सचदेवा ने कहा कि मध्यस्थता विवादों में समझौता कराने के साथ साथ मानवीय रिश्तों को मजबूत करने का भी कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में इसे मीडिएशन की संज्ञा दी गई है, जबकि भारत में वर्षों से पंच सरपंचों द्वारा विवादों के मामले में समझौता किया जा रहा हैं।

**22 मध्यस्थता केंन्द में 125 मध्यस्थ के द्वारा 5000 से अधिक मामलों का सुलझाया गया :-**

प्रशासनिक न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर श्री विवेक रूसिया ने बताया कि इंदौर में 22 मध्यस्थता केंद्रों में 27 विभिन्न सामाजिक समूहों के 125 मध्यस्थ के द्वारा 5000 से अधिक मामलों को सुलझाया गया। उन्होंने बताया कि इंदौर देश का एकमात्र शहर है जहां कलेक्टर कार्यालय एवं कमिश्नर कार्यालय में मध्यस्थता केंद्र स्थापित हैं। कमिश्नर कार्यालय में पिछले 4 माह से ट्रायल के आधार पर मध्यस्थता केंद्र का संचालन किया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम आने पर आज मूर्त रूप देकर इसका लोकार्पण किया गया हैं।

**सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट :-**

कार्यक्रम के अंत में पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सम्मानस्वरुप प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

## पीएससी आने वाले महीनों में भरेगी 5562 पद

# डेढ़ साल में 3756 पदों पर दीं नियुक्ति, 72 डिप्टी कलेक्टर, 51 डीएसपी के पद भरे

नगर संवाददाता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग आने वाले महीनों में 5562 पदों पर भर्ती करेगा। इनमें डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, लाइब्रेरियन, स्पोर्ट्स अफसर, माइनिंग अफसर, सहायक प्राध्यापक, मेडिकल स्पेशलिस्ट, मेडिकल आफिसर, यूनानी और आयुर्वेदिक चिकित्सा के विभिन्न पद शामिल हैं। इसके विज्ञापन जारी हो चुके हैं और आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आयोग पिछले डेढ़ साल में 3 हजार 756 पदों पर भर्ती कर चुका है। इस दौरान तीन राज्य सेवा परीक्षा आयोजित कर उसके परिणाम घोषित किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल में पीएससी के जरिये नियुक्तियां देने का काम तेजी से चल रहा है। इस अवधि में राज्य सेवा परीक्षा के माध्यम से सामान्य प्रशासन एवं गृह विभाग को 72 डिप्टी कलेक्टर एवं 51 उप पुलिस अधीक्षक के पदों के लिए सिफारिश की गई। पीएससी चेयरमैन डॉ. राजेश लाल मेहरा ने बताया कि दिसंबर 2023 से अब तक जारी 75 विज्ञापनों में शामिल 4 हजार 492 पदों के लिए 3 हजार 756 उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा



पत्र भेजे गए हैं। लोक सेवा आयोग ने 81 भर्ती विज्ञापन जारी किए हैं। इनके माध्यम से आगामी महीनों में 5 हजार 562 पद भरे जाएंगे। पीएससी से वर्तमान में 5 हजार 317 पदों के लिए 61 भर्ती प्रक्रियाएं जारी हैं। आयोग जारी किए गए वार्षिक परीक्षा कैलेंडर का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

**इन पदों के लिए हुई इतनी नियुक्तियां :-**

आयोग के सचिव प्रबल सिपाहा ने बताया कि आयोग ने डेढ़ साल में 3 राज्य सेवा परीक्षा - 2019, 2021, 2022 के लिए 1109 पदों और 3 राज्य वन सेवा परीक्षा के लिए 200 पदों के लिए अंतिम चयन परिणाम घोषित किए। इस अवधि में राज्य सेवा परीक्षा के माध्यम से सामान्य प्रशासन एवं गृह विभाग को 72 डिप्टी कलेक्टर एवं 51 उप पुलिस अधीक्षक के पदों के लिए सिफारिश की गई। परीक्षा के माध्यम से सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग के 132 पदों तथा मप्र वित्त सेवा के 22 पदों के लिए भी स्कूल शिक्षा एवं वित्त विभाग को अनुशंसा की गई। राज्य वन सेवा परीक्षा के अंतर्गत सहायक वन संरक्षक के 19 तथा वन क्षेत्रपाल एवं परियोजना क्षेत्र अधिकारी के 181 पदों के लिए वन विभाग को अनुशंसा पत्र भेजे गए।

### इंदौर में बैंक के अंदर 4 लाख की ठगी

नगर संवाददाता

**इंदौर।** इंदौर के एक प्रिंटिंग प्रेस संचालक के साथ बैंक के भीतर ही 4 लाख रुपए की ठगी हो गई। चेक ड्रॉप बॉक्स में डालने के बाद अज्ञात आरोपी ने बैंक कर्मचारी की मदद से चेक हासिल किया, उसमें करेक्शन कर 'सेल्फ' भुगतान लिखा और फर्जी आईडी लगाकर बैंक से रकम निकाल ली। मल्हारगंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। मल्हारगंज थाना पुलिस के अनुसार, शिकायत ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी नियाज पुत्र सईद अहमद ने की है, जो 'शगुन प्रिंटिंग' के नाम से प्रिंटिंग का व्यवसाय करते हैं। नियाज ने बताया कि उन्हें व्यापारिक लेन-देन के तहत आजाद हुसैन द्वारा बैंक ऑफ इंडिया (गांधी नगर शाखा) का एक अकाउंट पे चेक प्राप्त हुआ था। 10 जून को उन्होंने यह चेक कैनरा बैंक (संभावित मल्हारगंज शाखा) के ड्रॉप बॉक्स में जमा किया। दो दिन बीतने के बाद भी जब चेक क्लीयर नहीं हुआ, तो 12 जून को नियाज खुद कैनरा बैंक पहुंचे।

## नशीला जूस पिलाकर पूल पार्टी में नाबालिग से रेप

# भोपाल में महिला मैनेजर ने दो दिन दोस्तों से दुष्कर्म कराया; पीड़िता बोली-इत्र लगाकर जबरदस्ती की

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल में नाबालिग लड़की के साथ रेप का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया है कि पीड़िता को जान-पहचान की एक युवती ने पहले बीमारी का बहाना बनाकर अपने घर बुलाया और वहां उसे युवकों के हवाले कर दिया। आरोप है कि महिला ने अगले दिन एक फार्महाउस में पूल पार्टी में ले जाकर पीड़िता को जूस में मिलाकर नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद वहां भी उसका यौन शोषण हुआ। इस मामले में दो महिलाओं समेत सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 19 जून को दीदी (इवेंट मैनेजर रिया उर्फ रितु यादव) ने मुझे बीमारी का बहाना बनाकर अपने घर करोंद बुलाया। जब मैं वहां पहुंची, तो जहांगीराबाद निवासी हनीफ शाह पहले से मौजूद था। उसने जोर-जबरदस्ती कर मेरे शरीर पर इत्र लगाया। 20 जून को रिया मुझे खजूरी सड़क इलाके के एक फार्महाउस 'चॉइस विला' ले गई।





वहां पूल पार्टी चल रही थी। यहां रिया ने मुझे जूस में शराब मिलाकर पिलाई। थोड़ी देर बाद मुझे पेट दर्द और उल्टी हुई, तो रिया दीदी ने एक कमरे में सुला दिया। रात में जब आंख खुली, तो मेरे आधे कपड़े उतरे हुए थे। रिया कमरे में अपनी दोस्त माही के साथ बैठी थी। बाद में घर लौटने पर रिया ने मुझे बताया कि मुकेश बालचंदानी (एमके सर) ने मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए हैं। जब मैंने घर जाने की बात की, तो रिया ने मारपीट की और मुझे घर नहीं जाने दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 21 जून को जब रिया ब्यूटी पार्लर गई, तो मैंने मौका देखकर अपनी मां को इंस्टाग्राम पर कॉल किया। मां फौरन पुलिस को लेकर ब्यूटी पार्लर पहुंची और मुझे छुड़ाया। मामले में पुलिस रिया, मुकेश, हनीफ और एक अन्य को गिरफ्तार कर चुकी है।

### 3 दिन में तीसरी बार शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव

नगर संवाददाता

**भोपाल।** रानी कमलापति से नई दिल्ली जा रही शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन (12001) में फिर पथराव हुआ है। बुधवार शाम 6 से 6.30 के बीच बीना और झांसी के बीच ट्रेन पर हुए पथराव में ष्ट-6 कोच की खिड़की का ग्लास पूरी तरह चटक गया। इस दौरान घटना में किसी यात्री को चोट नहीं पहुंची, लेकिन ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। बीते 3 दिन में तीसरी बार शताब्दी एक्सप्रेस में पत्थरबाजी की घटना हुई है। इसी ट्रेन पर मुरैना में भी पथराव हुआ है। मुरैना स्टेशन से गाड़ी आगे बढ़ते ही ई-6 कोच के कांच में पत्थर आकर लगा। हमले के बाद झांसी रेल मंडल के अधिकारियों का कहना है कि %फिलहाल हमारे पास कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है, लेकिन मामले की जांच की जाएगी। वहीं, रेल यात्रियों का कहना है कि लगातार हो रही पत्थरबाजी की घटनाओं से अब ट्रेन में बैठने में डर लगने लगा है। रविवार रात को भी ग्वालियर के बिरला नगर और रायरू स्टेशन के बीच शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव किया गया था। इस दौरान ष्ट-5 कोच की खिड़की टूटी। घटना में गोविंदपुर निवासी रेलशिया श्रीवास्तव नाम की महिला यात्री बाल-बाल बचीं।

## निगमकर्मी के सामने छोटे भाई की चाकू से गोदकर हत्या

# भोपाल में विवाद में बीचबचाव करने पहुंचा था; लड़की को लेकर भिड़े थे दो गुट

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के कोलार में नगर निगम के फायरकर्मी के सामने उसके छोटे भाई की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना एक रेस्टोरेंट के पास बुधवार रात 10 से 11 बजे के बीच हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, फायरकर्मी सूरज मोरे और उसका दोस्त आशीष रेस्टोरेंट में बैठकर चाय पी रहे थे। यहां आशीष का किसी लड़की को लेकर कुछ युवकों से विवाद हो गया। मामला बढ़ा तो आशीष ने सूरज के भाई आकाश (23) को कॉल कर बुला लिया। दूसरे



पक्ष ने भी अपने साथियों को बुलाया। इसके बाद दोनों ओर से चाकूबाजी की गई। चाकूबाजी में आकाश और दूसरे गुट का एक युवक जख्मी हो गए। आकाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि मामले में अवध राठौड़ और तरुण कुशवाह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दोनों की तलाश जारी है। इधर, घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। बड़ी संख्या में लोग कोलार थाने पहुंच गए और देर रात तक थाने का घेराव कर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस के वरिष्ठ अफसर मौके पर पहुंचे और भीड़ को शांत कराया। आरोपी फरार हैं। बताया जा रहा है कि दोनों गुटों में लड़की को लेकर विवाद था। समाज के वरिष्ठ ने चाय की दुकान पर दोनों गुटों को समझौते के लिए बुलाया था। पंचायत में विवाद का हल तलाशने की बात चल रही थी। तभी वारदात हो गई। रतलाम में 5 जून की रात 17 साल के लड़के की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। उसके शरीर पर 15 घाव मिले थे। जहां वारदात हुई वहां से पुलिस थाना महज 500 मीटर दूरी पर थी। मृतक के दोस्त ने बताया कि वह विशाल रोतिया के साथ बाइक पर जा रहा था। इस दौरान दो बत्ती पेट्रोल पंप के पास देवेंद्र उर्फ कालू मालवीय (21) और अभय राजपुरोहित (21) ने रोक लिया। अभी, विशाल से किसी लड़की से बात करने को लेकर विवाद करने लगा। तभी कालू ने विशाल पर चाकू से वार कर दिया।

## नए पदोन्नति नियमों को लेकर जीएडी आज करेगा मीटिंग

# मंत्रालय में सामान्य, ओबीसी, पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

नगर संवाददाता

**भोपाल।** नए पदोन्नति नियमों को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) आज सभी विभागों के साथ बैठक करेगा। इस बैठक में जीएडी अफसर पदोन्नति नियमों के मुताबिक विभागों की विभागीय पदोन्नति समितियों का गठन कर पहली बैठक जल्द से जल्द बुलाए जाने के निर्देश देंगे। दूसरी ओर नए पदोन्नति नियमों के विरोध में सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा आज मंत्रालय में लंच के दौरान प्रदर्शन किया जाएगा। इसको लेकर मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ ने मुख्य सचिव, एसीएस जीएडी और मंत्रालय के सुरक्षा अधिकारी को आंदोलन का नोटिस पहले ही दे दिया है। 19 जून को लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025



का राजपत्र में प्रकाशन करने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने नए पदोन्नति नियमों को लेकर सभी विभागीय अफसरों की मीटिंग बुलाई है। जीएडी द्वारा बुलाई गई बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन भी मौजूद रहेंगे। मोहन कैबिनेट द्वारा लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को मंजूरी 17 जून को दी गई। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके नियम जारी किए हैं। बैठक में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव जीएडी के अलावा सभी ?विभागों के एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिव शामिल होंगे। सुबह 10.30 बजे से होने वाली बैठक के लिए सभी विभागों के अफसरों को विभागीय तैयारियों के साथ आने के लिए कहा गया है। इस बैठक में विभागों के अफसरों को पदोन्नति नियमों के संबंध में अफसरों के सामने आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए भी राय दी जाएगी ।सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पदोन्नति नियम जारी करने के बाद विभागीय पदोन्नति समिति के गठन पर सबसे पहला फोकस है। इसलिए बैठक में आने के पहले कई विभागों के अफसर पदोन्नति समिति के गठन की प्रक्रिया पूरी करके आ सकते हैं ताकि चीफ सेक्रेटरी को प्रोग्रेस से अवगत कराया जा सके। इसमें एससी-एसटी वर्ग के कम से कम एक अफसर की अनिवार्यता तय की गई है। दूसरी ओर जीएडी अफसरों ने कहा है कि विभाग जून माह में डीपीसी मीटिंग बुलाकर मंत्रालय सेवा और राजस्व से राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के पदों के लिए डीपीसी कर सकता है। मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजीनियर सुधीर नायक ने बताया कि पदोन्नति नियमों में सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों कर्मचारियों की अनदेखी किए जाने के कारण कर्मचारियों अधिकारियों में विरोध गहराता जा रहा है। इसी तारतम्य में मंत्रालय में मंगलवार को सामान्य, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों कर्मचारियों की एक मीटिंग हुई जिसमें गुरुवार को गेट नम्बर एक के सामने प्रदर्शन कर पदोन्नति नियमों का विरोध करने का फैसला किया गया।

### भोपाल में जो बिल्डिंग गिरी, वह 10 साल पहले जर्जर घोषित

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के टीटी नगर में जिस बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से 32 साल के युवक की मौत हुई, वह करीब 10 साल पहले ही जर्जर घोषित हो चुकी है और इन्हें खाली भी कराया जा चुका है। बावजूद इनमें अब भी लगभग 200 परिवार अवैध तरीके से रह रहे हैं। हादसा होने के बाद जिला प्रशासन बिल्डिंग से अवैध कब्जा हटवाकर इन्हें जमींदोज करेगा। टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने बताया कि इस बारे में संपदा विभाग के अधिकारियों से बात भी हुई है। जल्द ही बिल्डिंग गिराई जाएगी। जिस बिल्डिंग गिरने से युवक की मौत हुई, उसे हादसे के तुरंत बाद ही ढहा दिया गया है। क्षेत्र के पार्षद जगदीश यादव ने बताया कि ओल्ड एमएलए क्वार्टर के पीछे ही 50 से 60 साल पुराने जर्जर मकान है। जिन्हें 10 साल पहले खाली करा लिया गया था। यह इलाका सुनसान रहता है। इस वजह से अवैध गतिविधियां होती हैं। 200 से अधिक परिवार अवैध तरीके से रह रहे हैं। कइयों ने तो मकान पर कब्जा करके किराए पर दे रखा है।

# कार्यकर्ता की पसंद का होगा जिला अध्यक्ष : आरिफ नसीम

## संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

नगर संवाददाता




भिण्ड। जिला शहर कांग्रेस कमेटी भिण्ड द्वारा कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत शहर स्थित बद्रीप्रसाद की बगिया भिण्ड में कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। जिसमें एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मोहम्मद आरिफ नसीम खान, मप्र कांग्रेस के पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक एवं जिला प्रभारी बैजनाथ कुशवाहा, प्रदेश सह सचिव रामलखन दण्डोतिया, भाण्डेर विधायक फूलसिंह बरैया, पूर्वमंत्री चौधरी राकेश सिंह, गोहद विधायक केशव देसाई, जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, शहर जिला अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा, प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया पिंकी, प्रदेश सह सचिव मनोज दैपुरिया, बाबा भगवान दास सेंथिया, जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रेखा भदौरिया, महिला सेवादल की अध्यक्ष स्मिता शर्मा, राघवेन्द्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष मेहगांव भास्कर पुरोहित, रंजीत गुर्जर, शांति कुशवाह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सूत की माला से माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने किया।इस अवसर पर एआईसीसी के पर्यवेक्षक मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने कहा कि मप्र में कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन अभियान चल रहा है, इस अभियान के तहत कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की पसंद से जिला अध्यक्ष का चुनाव होगा। कार्यकर्ता जिस व्यक्ति को अपनी पसंद बनाएंगे, वहीं जिला अध्यक्ष बनेगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तमाम बुद्धिजीवी वर्ग, पत्रकार एवं आम जनता से हुई बातचीत के दौरान निष्कर्ष निकलकर आया कि कार्यकर्ता की पसंद से कांग्रेस को अपना जिला अध्यक्ष बनना चाहिए, तभी संगठन मजबूत होगा। जब संगठन मजबूत होगा, तभी राज्य एवं देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इसी के तहत मैंने भिण्ड जिले की सभी विधानसभाओं का दौरा कर कांग्रेस के जंगबाज कार्यकर्ताओं की आवाज को सुना और उनकी पसंद के व्यक्तियों का पैनल बनाकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेजूंगा। जिससे आने वाले समय में भिण्ड जिले की विधानसभा की पांचो सीटों पर कांग्रेस अपना विजयी परचम फहरा सके।पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने कहा कि इस बार कांग्रेस का जिलाध्यक्ष कार्यकर्ताओं कि मंशा के अनुसार बनेगा, जो किसी नेता की पसंद का नहीं, कांग्रेस के मंडलम, सेक्टर, ग्राम पंचायत एवं वार्ड के कार्यकर्ताओं की सहमति से होगा, जो कार्यकर्ताओं की आवाज को दमदारी से उठा सकता हो, जिसमें सभी को साथ लेने की क्षमता हो, जिसके भाजपा के नेताओं के साथ कोई राजनीतिक संबंध न हों। भाण्डेर विधायक फूल सिंह बरैया एवं पूर्वमंत्री चौधरी राकेश सिंह ने भी बैठक को संबोधित किया। कार्यक्रम में भरत चौधरी, रंजीत सिंह शाक्यवार, बृजेन्द्र सिंह कल्लू भारौली, अजय शर्मा, शैलेन्द्र भदौरिया, देवेन्द्र सिंह, रीना चौहान, सीमा शर्मा, जानकी, प्रमोद दीक्षित पीसी, सुखप्रीत मिश्रा, गोविन्द कुशवाह, वीरेन्द्र यादव, आनंद शाक्य, संजीव बरुआ, मोहम्मद इरफान गम्मू, नईम पठान, रामहेत शाक्य, छोटेसिंह नरवरिया, शिवदत्त शर्मा आदि उपस्थित थे।

## विहसन्त सागर महाराज का बरासों में मंगल प्रवेश आज

नगर संवाददाता



भिण्ड। मेडिटेशन ग्रुरू उपाध्याय विहसन्त सागर महाराज मुनि विश्व साम्य सागर महाराज ससंग का महातीर्थ अतिशय क्षेत्र बरासों जी में आज 27 जून दिन शुक्रवार को प्रातः काल 8 बजे भव्य मंगल प्रवेश होने जा रहा है। जानकारी देते हुए पार्षद मनोज जैन ने बताया कि मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसन्त सागर महाराज ससंघ का भिंड नगर में चातुर्मास हेतु आगमन हो रहा जो इंदौर से शिवपुरी गुना सोनागिर बेहट होते हुए महातीर्थ बरासों जी जैन मंदिर में 27 जून को प्रातः काल 8 बजे मंगल प्रवेश करेंगे । पार्षद जैन ने बताया कि मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसन्त सागर महाराज ने भगवान महावीर स्वामी की समवसरण स्थली अतिशय क्षेत्र बरासो जैन मंदिर की जीर्णशीर्ण हालात को देख कर पहली बार विहसन्त सागर महाराज ने चातुर्मास किया था। उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर देश प्रदेश में नाम किया, जिसे देश के विभिन्न स्थानों के लोग बढ़ी संख्या में लोग अष्टमी चौदस को दर्शन करने आते है।

## अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

नगर संवाददाता




भिण्ड। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड उमेश पाण्डव के मार्गदर्शन में ग्राम काशीपुरा एवं चरथर में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी भिण्ड देवेश शर्मा ने नालसा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अनैतिक तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अंतर्गत नालसा तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण के पीड़ित योजना और नालसा मादक द्रव्य दुरुपयोग के पीड़ितों के लिए सेवाएं और मादक द्रव्य उन्मूलन योजना अंतर्गत उपस्थित ग्रामीणजन को नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आज के इस दौर में किशोर अवस्था में बालक नशे की तरफ बड़ी आसानी से अग्रसर हो जाता है। इस उम्र में बालक में समझने-बूझने की क्षमता कम होती है तथा वह अपने साथियों के साथ मिलकर नशे जैसे बीड़ी, तंबाकू, सिंगरेट, गुटका आदि से शुरुआत कर ड्रग सेवन तक पहुंच जाता है। ऐसा करते हुए वह जाने-अनजाने में विभिन्न प्रकार के अपराधों को कारित करता है। अतः सभी आमजनों को नशे से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। हमें नशा उन्मूलन के बारें अपने आस-पास के आमजनों को जानकारी देनी चाहिए एवं उनकी इस लत को छुड़ाने में उनका प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर डिप्टी चीफ अजय कुमार त्रिपाठी, ग्राम के सरपंच, सचिव, ग्रामीणजन एवं पीएलव्ही भिण्ड सुमित यादव, ब्रजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## चंबल नदी से रेंगते हुए पांच किमी दूर गांव में पहुंचा मगरमच्छ

### वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर चंबल नदी में छोड़ा

नगर संवाददाता



भिण्ड। चंबल नदी के अटेर घाट से एक मगरमच्छ रेंगते हुए पांच किमी दूर अटेर क्षेत्र के बामन गांव में पहुंच गया। गांव में मगरमच्छ दिखने के बाद लोगों में डर फैल गया। बुधवार की रात करीब 8 बजे मगरमच्छ गांव के पास दिखाई दिया। ग्रामीणों ने उसे घेर लिया और वन विभाग को सूचना दी। रात करीब साढ़े 9 बजे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जाल लगाकर मगरमच्छ को पकड़ लिया। रात में मगरमच्छ को सुरक्षित बंधक बनाकर रखा गया। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू कर चंबल नदी में छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के डिप्टी रेंजर बलवीर चौरसिया ने कहा कि बारिश का सीजन शुरू होते ही नदियों में पानी बढ़ने लगता है। ऐसे में मगरमच्छ सुरक्षित स्थान की ओर पलायन करते हैं। कई बार चंबल नदी के किनारे बसे गांवों के तालाबों में भी मिलते हैं। मगरमच्छ का रेस्क्यू कर नदी में छुड़वाया गया है।

## ऑपरेटर एवं संचालक लोकसेवा केन्द्र लहार एवं आलमपुर को नोटिस

नगर संवाददाता

भिण्ड। अपर कलेक्टर भिण्ड ने कॉम्पैक्ट सिस्टम अनुबंधित ऑपरेटर एवं संचालक लोकसेवा केन्द्र लहार और नीलेश दुबे अनुबंधित ऑपरेटर एवं संचालक लोकसेवा केन्द्र आलमपुर को अनुबंधित आरएफपी की शर्तों का उल्लंघन करने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।अपर कलेक्टर एलके पाण्डेय ने नोटिस जारी कर कहा है कि 25 जून को विभागीय निर्देशानुसार अध्यक्ष लोकसेवा केन्द्र निगरानी समिति अनुविभाग लहार, एसडीएम लहार एवं जिला प्रबंधक लोकसेवा प्रबंधन विभाग द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में अनुबंध की शर्तों अनुसार स्टाफ उपस्थित नहीं पाए जाने, महिला कर्मचारी उपस्थित नहीं पाए जाने, सभी काउंटर चालू नहीं पाए जाने, स्टाफ की बायोमेट्रिक अटेंडेंस का रिकार्ड उपलब्ध नहीं करवाने, मैन्युअल उपस्थिति पंजी भी संधारित नहीं पाई जाने, परिसर में सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल नहीं किए गए, पीआरओ डेस्क संचालित नहीं हैं, आवेदन पर 5 रुपए अतिरिक्त शुल्क लिया गया, अधिसूचित सेवाओं की जानकारी, शुल्क चार्ट नहीं पाए गए सहित अन्य तथ्य/कमियां परिलक्षित हुईं।



## मुनिराज के आगमन को लेकर महिला मंडल ने किया जनसंपर्क

नगर संवाददाता

भिण्ड। मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसन्त सागर महाराज ससंघ का अतिशय क्षेत्र बरासों में मंगल प्रवेश एवं भिंड नगर में चातुर्मास को लेकर श्रद्धालुओं में बहुत उत्साह है जिसको लेकर विहसन्त सागर महिला मंडल द्वारा जगह-जगह जनसंपर्क एवं मीटिंग कर महिला मंडलों को जोड़कर मुनिराज की भव्य अगवानी को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। महिला मंडल ने सकल समाज से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मुनिराज की अगवानी को भव्य बनाएं। अपील करने वालों में गीता जैन, सीमा जैन, वर्षा जैन, अमिता जैन, प्रीति जैन, अनीता जैन, बेबी जैन, सुनीता जैन, सुमन जैन आदि बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।

## बालक-बालिकाओं के स्वस्थ रहने के लिए उत्तम साधन है खेल प्रशिक्षण

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण वर्ष 2025 समर कैम्प का हुआ समापन

नगर संवाददाता



मेहगांव। जिलाधीश भिण्ड संजीव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जोसेफ बाक्सला एवं कार्यालय प्रभारी रामबाबू कुशवाहा के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग भिण्ड द्वारा विकास खण्ड मेहगांव में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण वर्ष 2025 समर कैम्प का समापन गुरुवार को शा. महाविद्यालय मेहगांव के खेल परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मण्डल अध्यक्ष मेहगांव नीरज जी शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक बालिकाओं को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया।शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालक-बालिकाएं पढ़ाई के साथ-साथ सभी बच्चे किसी न किसी खेल में अपने आपको पारंगत करें। खेलों का जीवन में अत्यधिक महत्व है, इसलिए बच्चों के साथ-साथ माता-पिता को भी उनके प्रति गंभीर होना होगा, क्योंकि खेलों से मन मस्तिष्क स्वस्थ रहता है, शरीर बलवान होता है, रोगों से मुक्ति मिलती है एवं करियर बनाने में ये सहायक होते हैं। मेहगांव ब्लॉक के प्रभारी एवं जिला खेल प्रशिक्षक संजय पंकज ने बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर एक महीने तक लगाया गया, जिसमें कुश्ती प्रशिक्षक डॉ. हर्षद मिश्र एवं कबड्डी प्रशिक्षक ज्योति नरवरिया ने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर रमेश कुमार शर्मा, राजवीर सिंह, ब्रजेश शर्मा उपस्थित रहे।

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर एबीव्हीपी ने निकाला मशाल जुलूस

नगर संवाददाता



भिण्ड। आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर बुधवार की शाम को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भिण्ड शहर में मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् और लोकतंत्र की जय के नारे लगाए। हाथों में जलती मशाल लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता शहर की सड़कों पर उतरे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वालों को श्रद्धांजलि दी।मशाल जुलूस की शुरुआत हाउसिंग कॉलोनी से हुआ जो मुख्य मार्ग होते हुए गौरी सरोबर तक पहुंचा। रास्ते में परिषद के कार्यकर्ता ऐतिहासिक आपातकाल को देश का काला दिन बताते हुए लोगों को इसके इतिहास की जानकारी देते रहे। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी सुमित दीक्षित ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने सत्ता के मद में देश पर आपातकाल थोप दिया था। प्रेस की स्वतंत्रता खत्म कर दी गई थी, लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए गए थे। देशभर में विरोध करने वालों को जेलों में ठूंस दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज का दिन लोकतंत्र की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले मीसा बंदियों और आंदोलनकारियों को याद करने का है। जिनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी ने लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प दोहराया। अंत में गौरी सरोबर पर मशाल बुझाकर लोकतंत्र रक्षकों को नमन किया गया।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष को लेकर पर्यवेक्षक ने विभिन्न वर्गों से की चर्चा

### कार्यकर्ताओं से कहा- जैसा चाहिए वैसा ही जिलाध्यक्ष मिलेगा

नगर संवाददाता



भिण्ड। जिले में कांग्रेस का नया जिलाध्यक्ष बनाए जाने की कवायद तेज हो गई है। पार्टी के पर्यवेक्षक मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने बुधवार की शाम भिण्ड पहुंचकर विभिन्न वर्गों से विस्तृत चर्चा की। सर्किट हाउस में आयोजित बैठकों में उन्होंने वकीलों, पत्रकारों, समाजसेवियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जिलाध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी की। बैठक में सर्वप्रथम वकील समुदाय से विचार-विमर्श किया गया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनीत मिश्रा, लीगल सेल जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा और पूर्व अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह कुशवाह सहित अन्य वकीलों ने जिले के विकास और कांग्रेस संगठन की वर्तमान स्थिति पर अपने विचार रखे। इसके उपरांत पत्रकारों से मुलाकात कर शहर की समस्याओं और राजनीतिक परिस्थितियों की जानकारी ली गई। इस अवसर पर कांग्रेस लीगल सेल जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने बताया कि जिले में संगठन लंबे समय से कमजोर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे जिलाध्यक्ष की आवश्यकता है जो वैचारिक रूप से मजबूत हों, कार्यकर्ताओं को एकजुट कर सकें और आंदोलन की रणनीति बनाकर उसे क्रियान्वित करने की क्षमता रखते हों। कार्यकर्ताओं ने नए जिलाध्यक्ष के लिए विशेष योग्यताएं सुझाईं। उनके अनुसार, उम्मीदवार शिक्षित होने के साथ-साथ हिन्दी और अंग्रेजी भाषा पर अच्छी पकड़ रखने वाला होना चाहिए। साथ ही सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ और आंदोलनों का नेतृत्व करने की क्षमता भी आवश्यक मानी गई।

### कार्यकर्ताओं से विस्तृत फीडबैक लेंगे

पर्यवेक्षक मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि पार्टी जल्द ही इस विषय पर निर्णय लेगी। वे दो दिवसीय दौरे पर भिण्ड में हैं और इस दौरान कार्यकर्ताओं से विस्तृत फीडबैक लेंगे।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नगर संवाददाता



भिण्ड। अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस भिण्ड में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरए शर्मा के मार्गदर्शन और निर्देशन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मादक पदार्थ की सेवन से बचाव और उनकी तस्करी पर रोकथाम हेतु जागरुकता था। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रो. मोहित कुमार दुबे ने बताया कि नशा मुक्त जीवन जीने के लिए परिवार और दोस्तों का सहयोग सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। यदि समाज भी इस समस्या के खिलाफ एकजुट हो जाए, तो नशे पर काबू पाया जा सकता है। एक नशा मुक्त समाज न केवल स्वस्थ बल्कि सशक्त भी होता है। हमें इस दिशा में जागरूकता फैलाने और एकजुट होकर काम करने की जरूरत है ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके। प्रो. अभिषेक यादव ने बताया नशा आज के समय में एक गंभीर समस्या बन चुका है, जो व्यक्ति के शारीरिक मानसिक और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है। यह न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि व्यक्ति के परिवार और समाज पर भी इसका गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शराब, तंबाकू, सिगरेट, ड्रग्स जैसे नशे के पारंपरिक रूप तो आम हैं ही, लेकिन आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया की लत ने नशे का एक नया और खतरनाक रूप ले लिया है। ये आदतें धीरे-धीरे व्यक्ति को वास्तविक जीवन से दूर कर देती हैं और उन्हें मानसिक और भावनात्मक रूप से कमजोर बना देती हैं। डॉ. रवि जैन ने कहा नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे हृदय रोग फेफड़ों की समस्याएं कैंसर और मानसिक बीमारियां हो सकती हैं। यह न केवल शारीरिक क्षति पहुंचाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को कमजोर बना देता है। डॉ. आशीष गुप्ता ने बताया कि नशा एक गंभीर समस्या है, लेकिन इसे खत्म किया जा सकता है यदि व्यक्ति, परिवार और समाज मिलकर प्रयास करें। हमें नशे के खिलाफ जागरुकता फैलाने और नशा मुक्त जीवन को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होना चाहिए। नशा मुक्त समाज ही हमारे देश को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकता है। इसलिए हमें नशे से बचने और दूसरों को भी बचाने के लिए दृढ़ संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

# बल्लेबाज यशस्वी पर भारी उनकी खराब फील्डिंग, पिछले तीन टेस्ट में छोड़े इतने कैच



**नई दिल्ली एजेंसी।** यशस्वी आने वाले समय के सितारे हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है, लेकिन उनकी फील्डिंग लीड्स टेस्ट के बाद सवालों के घेरे में आ गई। यशस्वी ने लीड्स टेस्ट में बेन डकेट, हैरी ब्रूक और ओली पोप के कैच छोड़े। यशस्वी जायसवाल इन दिनों काफी चर्चा में हैं। दरअसल, लीड्स के हेडिंग्ले में टीम इंडिया की हार के बाद वह सवालों के कटघरे में हैं। उन्होंने इस मुकाबले में चार कैच छोड़े और चारों ने फिर भारत के खिलाफ खूब रन बनाए। सिर्फ यशस्वी ने नहीं, बल्कि बाकी भारतीय फील्डर्स से भी कैच छूटे। टीम इंडिया की खराब फील्डिंग से लीड्स में इंग्लैंड ने पांच विकेट से जीत हासिल की। यशस्वी के कैच छोड़ने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर की प्रतिक्रिया देखने लायक थी। वह बेहद निराश नजर आ रहे थे। अब जब दूसरा टेस्ट दो जुलाई से खेला जाएगा तो यशस्वी से फील्डिंग के स्तर में सुधार की गुंजाइश होगी। क्रिकेट मैच में यह कहावत काफी प्रसिद्ध है कि कैच छोड़ो मैच छोड़ो। पिछले तीन टेस्ट में यह कहावत सही साबित हुई है। यशस्वी ने इन मैचों में जितने रन बनाए, उससे ज्यादा रन जिनको उन्होंने जीवनदान दिया, उसने बना डाले। यशस्वी आने वाले समय के सितारे हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है, लेकिन उनकी फील्डिंग लीड्स टेस्ट के बाद सवालों के घेरे में आ गई। यशस्वी ने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान बेन डकेट का कैच छोड़ा। तब वह 97 रन पर थे। इसके बाद उन्होंने 149 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, पहली पारी में भी यशस्वी ने स्लिप में शतकवीर ओली पोप और हैरी ब्रूक के भी कैच छोड़े। पहली पारी में ब्रूक ने 99 रन और पोप ने 106 रन बनाए। इससे फैंस काफी नाराज हुए। फिर यशस्वी को चार कैच छोड़ने के बाद इंग्लिश फैंस के सामने डांस करते भी देखा गया। इस पर गावस्कर समेत कई पूर्व क्रिकेटर्स ने उनकी क्लास लगाई, वहीं कैफ और अश्विन समेत कुछ पूर्व क्रिकेटर्स ने उनका बचाव भी किया। यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पिछले साल मेलबर्न टेस्ट से कुल मिलाकर तीन टेस्ट खेले हैं। मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी से यशस्वी ने कुल मिलाकर सात कैच ड्रॉप किए हैं। यशस्वी ने इस दौरान पांच पारियों (दूसरी पारी से) में बल्लेबाजी की है और 221 रन बनाए हैं। इसमें 84 रन, 10 रन, 22 रन, 101 रन और चार रन की पारियां शामिल हैं। हालांकि, जो सात कैच उन्होंने ड्रॉप किए, उन बल्लेबाजों ने जीवनदान मिलने के बाद 229 रन बना डाले। यानी यशस्वी की बल्लेबाजी पर उनकी खराब फील्डिंग हावी रही है। अश्विन ने किया यशस्वी का बचाव हालांकि, अश्विन ने यशस्वी का बचाव करते हुए कहा कि %स्लिप कॉर्डन पर यशस्वी के कैच छोड़ने को लेकर कई बातें हुई हैं। हां, उसे यह मुश्किल लग रहा होगा, लेकिन आइए हम सब बस कुछ समझें और उन्हें थोड़ा आराम से रहने दें, जो हम अक्सर करने में विफल रहते हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि इंग्लैंड में कैच पकड़ना कितना मुश्किल है। वहां ठंड रहती है और ड्यूक की गेंद भी अहम किरदार निभाती है। अश्विन ने कहा, %ड्यूक गेंद से ढलने में समय लग सकता है। एसजी गेंद हाथ में अच्छे से आती है और आरामदायक महसूस होता है। कूकाबूरा छोटी लगती है। ड्यूक कठिन है और निश्चित रूप से गेंद बड़ी लगती है और उसे कैच करना आसान नहीं है। यशस्वी भारत के सबसे बेहतर स्लिप फील्डर्स में से एक रहे हैं। उन्होंने हाल के दिनों में कुछ शानदार कैच लपके हैं, खासतौर पर टेस्ट क्रिकेट में। इसलिए हमें उन्हें कुछ समय देना चाहिए। वहीं, कैफ ने एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, यशस्वी जायसवाल कैच क्यों छोड़ रहे हैं? हम ड्यूक की गेंद से अभ्यास कर रहे हैं और जब हमें चोट लगती है, तो हम पट्टी बांध लेते लेते हैं।

# सूर्यकुमार का जर्मनी में हर्निया का सफल ऑपरेशन



**नई दिल्ली।** खेल हर्निया कमर या पेट के निचले हिस्से में नरम ऊतकों की चोट है जिसमें अक्सर मांसपेशियां, कंडराएं या स्नायुबंधन शामिल होते हैं। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्युनिख में पेट के दाएं ओर खेल हर्निया का सफल ऑपरेशन हुआ। 34 वर्ष के सूर्यकुमार ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, लाइफ अपडेट- पेट के निचले दायें ओर खेल हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल ऑपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं। खेल हर्निया कमर या पेट के निचले हिस्से में नरम ऊतकों की चोट है जिसमें अक्सर मांसपेशियां, कंडराएं या स्नायुबंधन शामिल होते हैं। जर्मनी में सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरू में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र पर रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। भारत को अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। सूर्यकुमार ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से 50 ओवरों के प्रारूप में नहीं खेला है। यह तीन साल में सूर्यकुमार का तीसरा ऑपरेशन था। इससे पहले 2023 में उनके टखने का ऑपरेशन हुआ था और 2024 में खेल हर्निया की भी सर्जरी हुई थी। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार 2025 सत्र में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे। उन्होंने 717 रन बनाये हालांकि मुंबई इंडियंस को प्लेआफ में दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स ने हराया। मुंबई टी20 लीग में सूर्यकुमार ने ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट की कप्तानी की।

# बीसीसीआई और ईसीबी ने सऊदी टी20 लीग को दिया झटका, परियोजना का समर्थन नहीं करने फैसला किया




**लंदन एजेंसी।** सऊदी टी20 लीग को रोकने के लिए इन दोनों देशों के बोर्ड ने हाथ मिलाया है। इसका मतलब यह है कि सऊदी टी20 लीग में शामिल होने के लिए यह दोनों देश अपने खिलाड़ियों को एनओसी नहीं देंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सऊदी टी20 लीग को झटका दिया है और इस परियोजना का समर्थन नहीं करने का फैसला किया है। सऊदी टी20 लीग को रोकने के लिए इन दोनों देशों के बोर्ड ने हाथ मिलाया है। इसका मतलब यह है कि सऊदी टी20 लीग में शामिल होने के लिए यह दोनों देश अपने खिलाड़ियों को एनओसी नहीं देंगे। बताया जा रहा है कि सऊदी टी20 लीग में 400 मिलियन डॉलर (करीब 3442 करोड़ रुपये) का निवेश होगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इस महीने लॉर्ड्स में खेली गई विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के दौरान ईसीबी और बीसीसीआई ने नई लीग का विरोध करने के लिए एकजुट होने पर सहमति जताई। दोनों बोर्ड इस बात पर सहमत हुए कि वे अपने खिलाड़ियों को नई प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी नहीं करेंगे। दोनो ं बोर्ड इसके साथ ही आईसीसी से उनके समर्थन को रोकने के लिए पैरवी भी करेंगे। दूसरी ओर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया लीग में सऊदी निवेशकों के साथ साझेदारी करने के लिए उत्सुक दिखा। इस रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया से पता चली योजना के मुताबिक सऊदी अरब के एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स ने नई लीग की स्थापना के लिए 400 मिलियन डॉलर का निवेश करने का वादा किया है। इसमें आठ टीमें हर साल अलग-अलग स्थानों पर चार टूर्नामेंट खेलेंगी, जिसकी तुलना टेनिस के ग्रैंडस्लैम से की जा रही है। सीए का मुख्य उद्देश्य निजी निवेशक से लाभ कमाना है क्योंकि बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रेंचाइजी का स्वामित्व शासी निकाय और राज्यों के पास है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है कि आईसीसी का संचालन वर्तमान में बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह कर रहे हैं, ऐसे में इस मामले में उनके बीसीसीआई की इच्छा के विरुद्ध जाने की संभावना नहीं है।

# अपने बल्ले से क्रिकेट को नया रूप दे रहे हैं ऋषभ, पंत का मुरीद हुआ यह पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी





**सिडनी एजेंसी।** चैपल ने कहा कि भारत के टेस्ट उप कप्तान पंत ऐसे शॉट खेल रहे हैं जो एमसीसी प्लेइंग मैनुअल में भी नहीं हैं। चैपल ने बताया कि जब उन्होंने पहली बार पंत को देखा था तो उन्हें गिलक्रिस्ट की याद आ गई थी। चैपल ने कहा पंत एक बल्लेबाज के रूप में खेल को नया रूप दे रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज और भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल ने ऋषभ पंत की जमकर तारीफ की है। लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में पंत के शतक के बाद चैपल ने कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज बल्लेबाज के तौर पर खेल को नया रूप दे रहे हैं। पंत ने पहले टेस्ट में 134 (178 गेंद, 12 चौके, छह छक्के) और 118 रन (140 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) की पारियां खेलीं। इस दौरान उन्होंने कुछ रिकॉर्ड भी बनाए। भारत ने हालांकि यह मैच पांच विकेट से गंवा दिया।


चैपल ने कहा कि भारत के टेस्ट उप कप्तान पंत ऐसे शॉट खेल रहे हैं जो एमसीसी प्लेइंग मैनुअल में भी नहीं हैं। उन्होंने बुधवार को एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान कहा, जब मैंने पहली बार उन्हें देखा तो उसने मुझे एडम गिलक्रिस्ट की याद आ गई थी। बेशक एक अलग तरह का खिलाड़ी। जब एक विकेटकीपर उस स्तर पर बल्लेबाजी कर सकता है और तेजी से रन बना सकता है तो यह टीम के लिए कितना बड़ा अंतर पैदा कर सकता है, आप समझ सकते हैं। उन्होंने कहा, खूबसूरती यह है कि ऋषभ बहुत तेजी से रन बनाते हैं, जिससे आपको क्रिकेट मैच जीतने का समय मिल जाता है। उनका प्रदर्शन शानदार था। उन्होंने जो शॉट खेले उनमें से कुछ एमसीसी की खेल नियमावली में नहीं थे। वह एक बल्लेबाज के रूप में खेल को नया रूप दे रहे हैं। आधुनिक तकनीक के साथ बल्ले बहुत अलग हैं और आप ऐसे शॉट खेल सकते हैं जो पुराने जमाने में संभव नहीं थे। उन्हें देखना रोमांचक है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि कोई कभी नहीं जान सकता कि पंत क्रिकेट के मैदान पर क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा, आप कभी नहीं जानते कि पहली गेंद से उनसे क्या उम्मीद की जाए। किसी भी स्तर पर वह तेज गेंदबाजों के लिए खिलाफ आगे बढ़कर या गिरते हुए रैंप शॉट खेल सकते हैं। आप कभी नहीं जानते कि क्या उम्मीद करनी है। इससे विपक्षी टीम सतर्क रहती है। वह मैच विजेता हैं और उन्होंने लीड्स टेस्ट में लगभग अंतर पैदा कर दिया था। चैपल ने कहा कि शुभमन गिल ने भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में अच्छी शुरुआत की, भले ही पांच मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट में परिणाम उनके पक्ष में नहीं रहा। उन्होंने कहा, यह एक शानदार टेस्ट मैच था। दुख की बात है कि परिणाम भारत के पक्ष में नहीं रहा। उनके लिए बहुत सारी अच्छी चीजें थीं।

# एवीपी फाल्कन-अखंड वॉरियर्स जीते, दोनों में सेमी फाइनल आज



**अलीगढ़।** अलीगढ़ में अमर उजाला प्रीमियर लीग का सेमी फाइनल आज खेला जाएगा, जो एवीपी फाल्कन और अखंड वारियर्स के बीच होगा। जो इसमें जीतेगी वह टीम फाइनल में विजडम वॉरियर्स से भिड़ेगी। अमर उजाला प्रीमियर लीग में 25 जून को सांगवान फाल्कन बनाम एवीपी फाल्कन और अखंड वारियर्स बनाम मंगलायतन मार्वल्स के मुकाबले हुए। इसमें एवीपी फाल्कन और अखंड वॉरियर्स की टीम विजेता बनी। दोनों टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई। पहले मैच में सांगवान फाल्कन की टीम 19.2 ओवर में 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दीपक चौधरी ने 14, विनय प्रजापति ने चार, हनी चौधरी ने 19, कैफ रहमान ने 20, विकास पटेल ने 22 व मोहन चौधरी ने 12 रन बनाए। ललित और आदित्य सारस्वत ने 3-3-विकेट लिए। एवीपी फाल्कन के बल्लेबाज चिराग शर्मा ने 7 चौके 6 छक्कों की मदद से 26 गेंदों में 64 रन बनाए। वसीम ने 34, विकास पटेल ने 22 रन बनाए। एवीपी फाल्कन ने 7.4 ओवर में एक विकेट पर 114 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच रहे चिराग शर्मा को 2000 हजार रुपये का पुरस्कार और ट्रॉफी देकर एवीपी इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर पुष्कर राठौर ने सम्मानित किया। फाइटर ऑफ द मैच दीपक चौधरी को पुष्कर राठौर ने सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैचदूसरा मैच अखण्ड वारियर्स और मंगलायतन मार्वल्स के बीच खेला गया। जिसमें अखण्ड वारियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए अखण्ड वारियर्स ने 20-ओवर में 6-विकेट के नुकसान पर 200-रनों का लक्ष्य रखा। बल्लेबाजी करते हुए रोहन राठी ने 9-चौके 5-छक्कों की मदद से 57-गेंदों में 90- रन बनाए, इमरान आलम ने 48, उत्कर्ष अग्रवाल ने 46 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी करते हुए अजयवीर ने 3, अनुज प्रेम राजपूत ने 2, मयंक ने 2, विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए मंगलायतन मार्वल्स की टीम 15.4 ओवर में 109 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाज वरुन अग्रवाल ने 10, चेतन सिंह ने 5, गोपाल चतुर्वेदी ने 45, अजयवीर ने 14, मयंक शर्मा ने 4, हर्ष शर्मा ने 5, नयन भारद्वाज ने 9, प्रथम ने 2, रोहित चौधरी ने 2 और शिवम कुमार शुन्य पर आउट हो गए। इस तरहं अखण्ड वारियर्स ने यह मुकाबला 91 रनों से जीत लिया।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को दी मात, टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही



**बर्लिन एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया को कप्तान टोबी मेलोन ने दूसरे हाफ में बढ़त दिलाई जिसके बाद रोहित ने 45वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। अजीत यादव ने 52वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के प्लेऑफ में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। इस मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने मिला और भारत तथा ऑस्ट्रेलिया शुरुआती दो क्वार्टर में कोई गोल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया को कप्तान टोबी मेलोन ने दूसरे हाफ में बढ़त दिलाई जिसके बाद रोहित ने 45वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। अजीत यादव ने 52वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने अंतत~ तीसरे क्वार्टर में मैच के 40वें मिनट में टोबी के मैदानी गोल से बढ़त बनाई। ऑस्ट्रेलिया की टीम हालांकि अधिक समय तक जश्न नहीं बना सकी क्योंकि पांच मिनट बाद ही रोहित ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। भारत ने इसके बाद अंतिम क्वार्टर में अजीत के गोल से बढ़त बनाई और जीत सुनिश्चित की। पूल चरण में भारत ने मेजबान जर्मनी के खिलाफ 1-7 की करारी हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन अगले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर वापसी की। टीम को अपने अंतिम लीग मैच में स्पेन के खिलाफ 1-5 से हार का सामना करना पड़ा।

## कोलंबो टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश का स्कोर 220/8

# शादमान इस्लाम ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए; फर्नांडो, दिनुषा और विश्वा को 2-2 विकेट



**नई दिल्ली एजेंसी।** बांग्लादेश के श्रीलंका दौरे का दूसरा मैच कोलंबो में खेला जा रहा है। बुधवार को मैच का पहला दिन है। स्टंप्स तक बांग्लादेश ने 8 विकेट पर 220 रन बना लिए हैं। तैजुल इस्लाम 9 और इबादत हुसैन 5 रन पर नाबाद हैं। श्रीलंका से असिथा फर्नांडो, सोनल दिनुषा और विश्वा फर्नांडो 2-2 विकेट ले चुके हैं। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। हालांकि टीम को पहला झटका 5 रन के स्कोर पर ही लग गया। अनमुल हक बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उन्हें असिथा फर्नांडो ने बोल्ड किया। दूसरा विकेट 43 रन के स्कोर पर गिरा। मोमिनुल हक 21 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें धनंजय डी सिल्वा ने आउट किया। लिटन दास (34 रन) के आउट होते ही टी-ब्रेक का ऐलान कर दिया गया। उन्हें सोनल दिनुषा ने कुसल मेंडिस के हाथों कैच कराया। उन्होंने 67 रनों की पार्टनरशिप को ब्रेक किया। शादमान इस्लाम 46, कप्तान नजमुल हसन शांतो 8 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नाडो और सोनल दिनुषा 2-2 विकेट ले चुके हैं।

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश ने पांचवें दिन दूसरी पारी 285/6 के स्कोर पर डिक्लेयर कर दी। श्रीलंका को जीत के लिए 296 रन बनाने थे। जब मैच ड्रॉ हुआ, तब श्रीलंका का स्कोर 72/4 था। गॉल टेस्ट में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने पहली पारी में 495 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम पहली पारी 485 पर ऑलआउट हुई। पांचवें दिन बारिश की वजह से मैच कई बार रुका था। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी। पहला वनडे 2 जुलाई और दूसरा 5 जुलाई को कोलंबो में खेला जाएगा। तीसरा और आखिरी वनडे 8 जुलाई को पल्लेकेले में होगा।

**वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम :-**

मेहदी हसन मिराज (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, नईम शेख, नजमुल हुसैन शांतो, तौहीद हृदोय, लिटन दास, जेकर अली अनिक, शमीम हुसैन, रिशाद हुसैन, तनवीर इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, नाहिद राणा।

## एआईसीएफ ने खिलाड़ियों के लिए वजीफा योजना शुरू की

*__नई दिल्ली एजेंसी।__ एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग की इस परियोजना का उद्देश्य जमीनी स्तर से शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करना है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को शीर्ष राष्ट्रीय खिलाड़ी वजीफा योजना (टीएनपीएसएस) शुरू करने की घोषणा की जो प्रतिभा विकास में मदद करने के लिए एक वित्तीय सहायता पहल है। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग की इस परियोजना का उद्देश्य जमीनी स्तर से शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करना है। एआईसीएफ शीर्ष युवा शतरंज प्रतिभाओं के खातों में 60 हजार रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक की पहली तिमाही वजीफा राशि तुरंत भेज रहा है। अप्रैल से जून के महीनों के लिए कुल 42.30 लाख रुपये वितरित किए जाएंगे। अंडर-सात से लेकर अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी इस योजना के लाभार्थी होंगे। नारंग ने कहा, ''यह सिर्फ एक योजना नहीं है। यह दर्शाता है कि हम भारत के हर युवा शतरंज खिलाड़ी पर कितना गहरा विश्वास करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारे इतिहास में पहली बार हम 39 लड़कियों और 39 लड़कों के भविष्य में सीधे निवेश कर रहे हैं। उन्हें अपनी प्रतिभा को सफलता में बदलने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।*

## न्यूज बीफ्र

### बीएनएसएस थाना बबीना झाँसी

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय झाँसी व पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के कुशल निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में आज दिनाक 26.06.2025 को थाना बबीना पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था बंग करने वाले थाना बेवान्तर्गत निम्नलिखित अभियुक्तगण को अन्तर्गत धारा 170/120/135 बीएनएसएस के तहत गिरपातार कर माननीय न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय सदर जनपद झाँसी के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

अभियुक्त गण का नाम व पता-

1. बलवान यादव पुत्र जगत सिंह उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम नोहरा थाना बबीना जनपद झाँसी
2. अवधेश यादव पुत्र हरदयाला 28 वर्ष निवासी ग्राम मोहरा थाना बबीना जनपद झाँसी
3. राकेश यादव पुत्र रामसिंह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम लखनपुर थाना वसई जनपद दतिया नायः
4. शिवम यादव पुत्र रामजी यादव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गोची खेड़ा थाना बबीना जनपद झाँसी

गिरफ्तार करने वाली थाना पलिस टीम -

1. 0नि0 रमाकान्त विदधाना बनाती
2. हे0का0 286 आशीष कुमार थाना बना झाँसी।

### ’नशीली दवाओं की लत से मुक्त और स्वस्थ जीवन के लिए सशक्त हो - अपर जिला जज’

झांसी अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर आज जनपद न्यायालय परिसर ए0डी0आर0 भवन प्रागंण में श्रीमती कमलेश कच्छल, माननीय जनपद न्यायाधीश झांसी के निर्देशानुसार श्री कनिष्क सिंह, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश, एन0डी0पी0एस0 एक्ट झासी के तत्वाधान में माननीय नालसा द्वारा चलाये जा रहे के अन्तर्गत राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित दृष्टिकोण को अपनाना है, जो नशीली दवाओं की लत और दुरुपयोग की रोकथाम और उपचार को प्राथमिकता देता है जिससे संयुक्त कार्यवाही और सहयोगात्मक प्रतिबद्धता के माध्यम से हम एक ऐसा राष्ट्र बना सकते है जो नशीली दवाओं की लत से मुक्त हो और स्वस्थ जीवन के लिए सशक्त हो। माननीय नालसा द्वारा चलाये जा रहे (व ॉछ) अभियान द्वारा समाज में लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री आदिल जाफ्री वरिष्ठ लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री प्रतीक समाधिया चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, श्री अजितेन्द्र तिवारी डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, श्री दीपक मणी त्रिपाठी असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, श्री अजय राठौर असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, पराविधिक स्वंय सेवकगण (पी0एल0वी0), अधिक्तागण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में श्री आदिल जाफ्री, वरिष्ठ लिपिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री आदिल जाफ्री, वरिष्ठ लिपिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी द्वारा किया गया।

# रथयात्रा में आमंत्रण को बाजारों में श्रद्धालुओं और व्यापारियों को दिए पीले चावल

झांसी ■ संवददाता



झांसी। महानगर में भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा शुक्रवार दिनांक 27 जून को गोला कुआं स्थित जगन्नाथ जी के मंदिर से निकलेंगी। आज गंधीगर का टपरा, सराफा बाजार, नरिया बाजार, पुरानी पसरट सहित अन्य प्रमुख बाजारों में श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर सेवा समिति द्वारा व्यापारियों व श्रद्धालुओ को रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए पीले चावल दिये गये। इस दौरान जय जगन्नाथ के जयकारे लगाये गये। समाज सेवी पंडित पीयूष रावत ने बताया कि ब्रह्म पुराण, स्कंद पुराण, नारद पुराण आदि धर्मग्रंथों में भगवान जगन्नाथ जी की महिमा व उनकी रथयात्रा का वर्णन है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मंदिर से भव्य रथयात्रा निकलेंगी। जिसमें हजारों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी व सुभद्रा जी के दिव्य दर्शन करेंगे। रथयात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान संजय नौराई, मनमोहन गेडा ,महेंद्र भंडारी ,पीयूष रावत, रवीश त्रिपाठी ,राघव वर्मा,विक्रांत सेठ बंटी सत्येंद्र पुरी गोस्वामी, मुकेश सोनी, आलोक वर्मा, दीपक रिछारिया,पवन गुप्ता ,अतुल मिश्रा ,ध्रुव नौराई ,अमन नौराई ,आदित्य गुप्ता ,कृष्णा मल्होत्रा,जितेन बजाज ,गौरव सेठ,अनिमेश दुबे,विनोद हियारण,आदि मौजूद रहे। शिवा नौराई ने आभार व्यक्त किया।

# रेलवे कॉलोनी में पांच दिनों से बिजली गायब बच्चों की पढ़ाई पर संकट

चिरगांव (झांसी) कस्बे के रेलवे स्टेशन के पास रेलवे कॉलोनी में बीते 5 दिनों से लगातार बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों और विद्यार्थियों को हो रही है, जिनकी पढ़ाई पूरी तरह से ठप हो गई है।गर्मी और उमस के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है, वहीं बुजुर्ग और बीमार लोगों की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।स्थानीय निवासी शारदा यादव ने कहा रात को मच्छरों से चौन नहीं, दिन में पंखा नहीं। बच्चे परेशान हैं, स्कूल का होमवर्क तक नहीं कर पा रहे।बिजली गुल रहने से मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहे छोटे-छोटे बच्चे गर्मी से तड़प रहे हैं मोहल्ले वासियों ने प्रशासन से बिजली व्यवस्था जल्द ठीक कराने की मांग की है

# मातेश्वरी जगत अम्मा के स्मृति दिवस पर डॉक्टर संदीप ने श्रद्धा सुमन किये अर्पित

झांसी ■ संवददाता



झाँसी। मातेश्वरी जगत अम्मा के स्मृति दिवस के अवसर पर जनपद के शिवाजी नगर स्थित आश्रम पर संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप सरावगी को आमंत्रित किया गया। अतिथियों के आगमन पर तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत संगोष्ठी से हुई तत्पश्चात मातेश्वरी को भोग लगाकर सभी को भोजन प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में बीके रितु ने सभी आगंतुकों को आत्मिक ज्ञान का संदेश दिया और डॉ0 संदीप से ब्रह्मकुमारी आश्रम से सम्बंधित कई विषयों पर चर्चा हुई। बीके रितु ने बताया ब्रह्म कुमारियां एवं ब्रह्म कुमार एक आध्यात्मिक संगठन है जिसकी स्थापना 1930 के दशक में दादा लेखराज कृपलानी ने की थी, जिन्हें ब्रह्म बाबा के नाम से भी जाना जाता है। यह संगठन राजयोग ध्यान और आत्मिक ज्ञान पर आधारित है। यह आश्रम 130 देश में फैला हुआ है जिसका मुख्य कार्यालय राजस्थान माउंट आबू पर स्थित है। संस्था की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आत्मा की वास्तविकता और उसके महत्व को समझना है। संगठन आत्मिक ज्ञान और राजयोग ध्यान के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक जीवन की ओर ले जाने का काम करती है। इसके अतिरिक्त संगठन नैतिकता, सदाचार, सेवा और परोपकार भी पर भी मुख्य रूप से केंद्रित है। संबोधन के क्रम में डॉक्टर संदीप ने कहा प्रत्येक आध्यात्मिक संगठन के गठन का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति की बुराइयों को दूर करते हुए उसके अंदर सद्गुणों का प्रवाह करना होता है हर संगठन के अपने नियम कानून हैं। ब्रह्मकुमारी संगठन काफी वृहद स्तर पर देश और विदेशों में कार्य कर रहा है इस संगठन की लगातार बढ़ती ख्याति का कारण संगठन का अनुशासन है प्रत्येक संगठन के लिए अनुशासन काफी आवश्यक होता है जहां अनुशासन की कमी होती है वहां संगठन विस्तार नहीं कर पाते। आज ब्रह्मकुमारी आश्रम आकर कई विषयों पर चर्चा हुई हम सभी मातेश्वरी जगत अम्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस अवसर पर बीके हृदेश, बीके रितु ,अशोक यादव, दिनेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, जगदीश यादव, संदीप नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, महेंद्र रायकवार, राहुल रायकवार, अरुण पांचाल, दीक्षा साहू, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, राजू सेन, मास्टर मुन्नालाल आदि उपस्थित रहे।

## जमुना प्रसाद कुशवाहा निर्विरोध बने उ0प्र0 उपभोक्ता सहकारी संघ लि0 के सभापति, राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त

झांसी ■ संवददाता



झांसी/लखनऊ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष (भा.ज.पा.) झांसी, जमुना प्रसाद कुशवाहा जी को उत्तर प्रदेश की प्रमुख सहकारी संस्थाओं में से एक उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड का निर्विरोध सभापति/अध्यक्ष चुना गया है। इस महत्वपूर्ण पद के साथ उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा भी प्रदान किया गया है।जमुना प्रसाद कुशवाहा संघ के कुल 15 निदेशकों (डायरेक्टर्स) में से निर्विरोध रूप से सभापति चुने गए, जो उनके व्यापक जनसमर्थन और संगठनात्मक सम्मान को दर्शाता है।उनके निर्वाचन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। जमुना प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व कौशल, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जमुना प्रसाद कुशवाहा को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और कार्यशैली से सहकारी संघ को नई दिशा और गति मिलेगी।ाांसी जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जगह-जगह स्वागत कार्यक्रमों और बधाई संदेशों का सिलसिला लगातार जारी है।श्री जमुना प्रसाद कुशवाहा ने अपने वक्तव्य में सभी निदेशकों, कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को सेवा का माध्यम मानते हैं और पूरी निष्ठा से प्रदेश के उपभोक्ताओं और सहकारी व्यवस्था के हित में कार्य करेंगे।

# बबीना विधायक राजीव सिंह परीक्षा ने मीडिया को सुनाई अपनी आप बीती

झांसी ■ संवददाता



बीते दिनों वंदे भारत ट्रेन में यात्रा के दौरान हुई मारपीट के वायरल हुए वीडियो के बाद चर्चाओं में आए झांसी से बबीना सीट से विधायक राजीव सिंह ने आज मीडिया के सामने आकर अपना पक्ष रखा।उन्होंने कहा कि घटना दुर्भाग्य पूर्ण थी। लेकिन वह दोषी नहीं। उनके साथ अन्याय हुआ, उनके परिवार के सामने उन्हें जलील किया गया। फिर भी वह शान्ति बनाए रखे रहे। मारपीट पर उन्होंने कहा कि उनके समर्थक थे जो उनका सामान उठाने आए थे लेकिन उन्हें नहीं पता था कि वह उग्र हो जाएंगे। उन्होंने कहा घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। गुरुवार को अपने आवास ? शान्ति नगर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बबीना विधायक राजीव सिंह ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उनका परिवार विदेश गया था। उन्हें लेने के लिए वह एयर पोर्ट पहुंचे थे। यहां वंदे भारत में उनका रिजर्वेशन था। लेकिन रिजर्वेशन में सीट अलग अलग होने पर उन्होंने जिनके साथ घटना हुई उनसे निवेदन किया कि उनकी सीट एक पीछे है हम सब लोग साथ है खाना भी खाना आप हमारी पीछे की सीट पर चले जाओ। इस पर उसने मना कर दिया ओर मुझे फर्जी विधायक बोला मेरे परिवार के साथ अभद्रता की। विधायक ने कहा आप लगातार जारी हो रहे सीसीटीवी फुटेज देख कर अंदाजा लगा सकते है कि वह लगातार मुझे अग्रेसिव कर रहा ओर में शान्ति से बात कर रहा हूं। विधायक ने कहा इस सूचना मेरे समर्थकों को कैसे लग गई यह नहीं पता मैने सोचा मेरे समर्थक मुझे लेने आए लेकिन वह आक्रोशित थे और मारपीट हो गई। उन्होंने कहा यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसा नहीं होना चाहिए थे। उन्होंने कहा मेरा पक्ष मीडिया ने नहीं रखा लेकिन अब लगातार वीडियो वायरल होने पर सब सामने आ रहा। उन्होंने कहा आप सब लोग वीडियो में देख सकते है मैं गलत नहीं हूं। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस मुद्दा विहीन है इसलिए उन्होंने उसे बड़ा मुद्दा बनाकर मेरी छवि धूमिल कर दी। उन्होंने कहा बुरा भरा ट्रेन में मैने सुना उसके बाद भी मुझ पर ही आरोप लगाकर मुझे ही बदनाम किया। बबीना विधायक ने कहा कुछ राजनीतिक लोग है जो इस मामले को जबरन तूल ते रहे है। उन्होंने कहा कि जिनके साथ घटना हुई उनकी ओर मेरी फोन पर वार्ता हुई है उन्हें भी कष्ट है कि आखिर यह हो कैसे गया। विधायक ने कहा उन्हें पुलिस पर पूरा विश्वास है जांच में सब सामने आएगा कि आखिर कौन नेता है कौन पार्टी का व्यक्ति है जो मेरी छवि धूमिल कराने का प्रयास किया।

# उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर व्यापार मंडल द्वारा मास्टर शेफ कार्यक्रम

झांसी ■ संवददाता



उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा आज झांसी में यात्रिक होटल में महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में सदस्याओं के लिए मास्टरशेफ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में सभी को बगैर गैस या किसी भी इलेक्ट्रिक उपकरण का उपयोग किए बगैर हेल्दी और टेस्टी सैंडविच बनाने थे। कार्यक्रम संयोजिका मधु अग्रवाल ने सभी के लिए उपयुक्त सामान की व्यवस्था की। द्स्यों को बटर, टोमेटो, कुकुंबर, चीज़ और अनियन जैसे सैंडविच बनाने में प्रयोग में आने वाले सामान के नामों के साथ अलग-अलग ग्रुप में डाल दिया गया था। प्रतियोगिता में रचना ममता और सीमा ने बाजी मारी। उनका प्रदर्शन काफी सुंदर रहा।रजनी गुप्ता ने पुरस्कार बांटते हुए कहा कि इस तरह से अलग-अलग तरह की प्रतियोगिताओं के द्वारा सभी का उत्साह वर्धन भी होता है और साथ मिलकर काम करने की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा मिलता है।महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने उन सभी को शेफ के एप्रेन और कैप के साथ पुरस्कार वितरण किये।कार्यक्रम में रजनी गुप्ता अलका मित्तल राम श्री गुप्ता रश्मि महेंद्रु मधु अग्रवाल मीनू चावला रचना सोनी सीमा तिवारी कुसुम साहू नेहा झा ममता अग्रवाल दिव्या गुप्ता पल्लवी चतुर्वेदी कल्पना गुप्ता इत्यादि शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में मधु अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बुंदेलखंड में अब पेयजल की नहीं होगी किल्लत : जलशक्ति मंत्री

## घर-घर नल से जल पहुंचाने के वादे को किया पूरा

### ’महिलाओं से किया सीधा संवाद, सुनाया योगी जी का संदेश, सभी घर तक पहुँचेगा स्वच्छ पानी, मिलेगा योजनाओं का लाभ’

**’वृद्ध महिला से बोले जलशक्ति मंत्री- अम्मा पानी आता है, महिला बोली- हां’**

**’ब्लॉक बबीना के ग्राम गुआवली की आदिवासी एवं हरिजन बस्ती का किया निरीक्षण, हर घर में पानी सप्लाई पर की प्रसन्नता व्यक्त’**

**’गुआवली मे पुलिस भर्ती में हुए आरक्षी की माँ को शॉल भेंट कर किया सम्मानित’**

झांसी ■ संवददाता





जनपद के हर गांव तक नल से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए आज मा0 मंत्री जल शक्ति विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 श्री स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन व जिला प्रशासन के अधिकारी क्षेत्र भ्रमण पर निकले। भ्रमण के दौरान मा0 जलशक्ति मंत्री जी ने कहा कि बुंदेलखंड में अब पेयजल की किल्लत नहीं होगी, घर-घर नल से जल पहुंचाने के वादे को पूरा किया है। जलशक्ति मंत्री ने खुद पानी पिया और ग्रामीणों से बोले कि घर-घर जल पहुंचा तो बीमारियां कम हुई। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जलशक्ति मंत्री व प्रमुख सचिव सचिव नमामि गंगे ने पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए मौके पर ही नल का पानी पिया। बबीना ब्लॉक के खजरहा खुर्द गांव में जलशक्ति मंत्री ने नल से पानी पीने के बाद लोगों से पूछा कि क्या ऐसा ही पानी आपको रोजाना मिलता है। इस बार ग्रामीणवासियों ने हां में उत्तर दिया।इस दौरान जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने विकासखण्ड बबीना के 05 गांवों का निरीक्षण कर स्थानीय आमजन विशेष रूप से महिलाओं से संवाद स्थापित कर जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति के बारे में जाना। योजना का निरीक्षण करते हुए मा0 जलशक्ति मंत्री ने कहा के जनपद के अधिकतर घरों में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जो शेष बचे घर हैं, उनमें भी काम तेज गति से पूर्ण किया जा रहा है, जल्द ही वहां भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। भ्रमण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक जल संयोजन लगाए जाने के निर्देश दिए। मिशन मोड पर किए गए इस निरीक्षण का उद्देश्य जनपद झाँसी सहित बुंदेलखंड के हर गांवों में नल से जलापूर्ति सुनिश्चित करना है।निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 श्री अनुराग श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) डॉ राजशेखर, जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप पटेल एवं ग्राम प्रधान तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।।भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने बताया गया कि जनपद में 10 परियोजनाएं संचालित हैं,जिनसें लगभग 11लाख से अधिक आबादी के लिए 02 लाख 14 हजार से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संयोजन दिए गए। मा0 मंत्री जी ने निर्देश दिये कि उक्त पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से अंतिम छोर तक शुद्ध पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करायें, कहीं भी पानी न पहुंचने की शिकायत नहीं आनी चाहिए और यदि कहीं समस्या है तो समय से उसका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए, पेयजल आपूर्ति में कोई भी बाधा नहीं आनी चाहिए।उन्होंने भ्रमण हेतु जनपद के विकासखण्ड बबीना के 05 ग्राम किल्चवारा खुर्द, मानपुर, खजराहा खुर्द, खजराहा बुजुर्ग एवं गुआवली में भ्रमण किया और स्थानीय ग्रामीण जन विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं से कितने घंटे पानी की सप्लाई आती है की जानकारी ली। ज्यादातर स्थानीय लोग पानी की सप्लाई से संतुष्ट दिखे।

स्वामी, मुद्रांक, प्रकाशक, महेंद्र तिवारी, द्वारा तिवारी आर्ट्स गुंडी गुंडा का नाका 14 बटालियन न्यू कुशवाहा कॉलोनी ग्वालियर से मुद्रित कराकर ताज 1100 कंपाउंड नंदनपुर झांसी से प्रकाशित संपादक उत्तम दुबे, व्यवस्था एक संपादक ध्रुव दुबे, (पी आई सी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदारी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र झांसी उत्तर प्रदेश रहेगा मो, 9074692488, 9451232588,810348949